दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित
● नई दिल्ली। मंगलवार 22 जुलाई-2025 ● वर्ष : 10 अंक : 213 पेज-08 ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 ● मूल्य : ₹3




# उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने दिया इस्तीफा, स्वास्थ्य कारणों का दिया हवाला



**नई दिल्ली।** जगदीप धनखड़ ने उप राष्ट्रपति पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने स्वास्थ्य कारणों को इस्तीफे की वजह बताया है। वे 74 साल के हैं। धनखड़ का कार्यकाल 10 अगस्त 2027 तक था।

राष्ट्रपति को पत्र में उन्होंने लिखा- ₹स्वास्थ्य की प्राथमिकता और डॉक्टरी सलाह का पालन करते हुए मैं भारत के उपराष्ट्रपति पद से तत्काल प्रभाव से त्यागपत्र दे रहा हूं।₹ पत्र में उन्होंने राष्ट्रपति को उनके सहयोग और सौहार्दपूर्ण संबंधों के लिए धन्यवाद दिया। साथ ही प्रधानमंत्री और मंत्रिमंडल को भी सहयोग के लिए आभार जताया।

2022 में जगदीप धनखड़ ने 14वें उपराष्ट्रपति के रूप में शपथ ली थी। 6 अगस्त 2022 को हुए उप राष्ट्रपति के चुनाव में धनखड़ ने विपक्ष की उम्मीदवार मार्गरेट अल्वा को हराया था। धनखड़ को कुल 725 में से 528 वोट मिले थे, जबकि अल्वा को 182 वोट मिले थे।

25 जून को उत्तराखंड में एक कार्यक्रम के बाद जगदीप धनखड़ की अचानक तबीयत बिगड़ गई थी। उन्हें तुरंत नैनीताल राजभवन ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने उनका चेकअप किया। धनखड़ नैनीताल में कुमाऊं यूनिवर्सिटी के गोल्डन जुबली समारोह में बतौर चीफ गेस्ट पहुंचे थे।

कार्यक्रम खत्म होने के बाद धनखड़ पूर्व सांसद महेंद्र सिंह पाल के कंधे पर हाथ रखकर बाहर निकले। फिर महेंद्र पाल से गले लगकर रोने लगे। करीब 10 कदम चलने पर धनखड़ के सीने में अचानक दर्द उठा। पूर्व सांसद महेंद्र पाल और सुरक्षाकर्मियों ने उन्हें संभाला था।

इससे पहले जगदीप धनखड़ को 9 मार्च 2025 को अचानक सीने में दर्द की शिकायत पर एआईआईएमएस दिल्ली में भर्ती कराया गया था। 12 मार्च 2025 को उन्हें अस्पताल से डिस्चार्ज किया गया था।

**राज्यसभा के पदेन सभापति होते हैं उपराष्ट्रपति :** भारत के उपराष्ट्रपति संसद के उच्च सदन यानी राज्यसभा के पदेन सभापति होते हैं। राज्यसभा की कार्यवाही चलाने का जिम्मा भी उन्हीं पर होती है। धनखड़ के इस्तीफे के बाद जब तक नए उपराष्ट्रपति की नियुक्ति नहीं हो जाती, राज्यसभा के सभापति का काम उपसभापति संभालेंगे।

अनुच्छेद 91 के तहत, जब तक उपराष्ट्रपति का पद खाली रहेगा, तब तक राज्यसभा के उपसभापति एक्टिंग चेयरमैन रहेंगे। अभी राज्यसभा में उपसभापति हरिवंश नारायण सिंह हैं, हालांकि इनका कार्यकाल भी इसी महीने खत्म होने वाला है।

**राजस्थान के झुंझुनू के रहने वाले हैं धनखड़ :** 18 मई 1951 को झुंझुनू जिले में साधारण किसान परिवार में पैदा हुए जगदीप धनखड़ की शुरूआती शिक्षा गांव में हुई। फिर उनका एडमिशन सैनिक स्कूल चित्तौड़गढ़ में करवाया गया।

# शिवालयों में उमड़ा शिव भक्तों का सैलाब, गूंजा हर-हर महादेव

**- सुबह ही घंटाघर तक लग गई थी लाइनें**

**- रविवार रात दस बजे ही मंदिर पहुंच गए थे भक्तजन**



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** करंट क्राइम। सावन के दूसरे सोमवार को सिद्धपीठ श्री दूधेश्वर नाथ मठ महादेव मंदिर में देश भर के भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा। लंबी-लंबी कतारों में लगकर भक्तों ने भगवान दूधेश्वर के दर्शन-पूजन व जलाभिषेक किया। मंदिर श्रीमहंत नारायण गिरी कहा कि इस दौरान जिला पुलिस प्रशासन व नगर निगम का पूरा सहयोग मिला। भक्तों ने भगवान की पूजा-अर्चना व जलाभिषेक कर श्रीमहंत से भेंटकर उनका आशीर्वाद भी लिया। सावन के दूसरे सोमवार को भगवान दूधेश्वर के जलाभिषेक के लिए मंदिर में भक्तों का तांता रविवार की रात्रि 10 बजे से ही लगने लगा था। श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज ने सबसे पहले पूजा-अर्चना की व भगवान का अभिषेक किया और उसके बाद रात्रि 12 बजे से मंदिर के कपाट भक्तों के लिए खोल दिए गए। सुबह तक भक्तों की कतार घंटाघर तक पहुंच गई। कतार में लगे भक्तों के भगवान दूधेश्वर, हर हर महादेव व बोल बम बम के जयकारों से मंदिर ही नहीं आसपास का क्षेत्र भी गूंजायमान हो उठा। प्रातः 3 बजे भगवान दूधेश्वर का भव्य श्रृंगार किया गया। प्राचीन देवी मंदिर द्वारका पुरी दिल्ली गेट के महंत गिरिशानंद गिरि महाराज ने धूप आरती व दीप आरती की। भगवान को 56 व्यंजनों का भोग लगाया गया।

श्री महंत नारायण गिरी ने बताया कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आदेश पर इस मंदिर में जलाभिषेक के लिए इस प्रकार की व्यवस्था कर रहे हैं कि भक्तों को कोई परेशानी नहीं हो रही है और जिला व पुलिस तथा नगर निगम की ओर से पूरा सहयोग मिल रहा है।

### विशेष योगों ने दूसरे सोमवार को बना दिया खास

करंट क्राइम। श्रीमहंत नारायण गिरि ने कहा कि वैसे तो भगवान शिव को पूरा सावन मास ही अत्यंत प्रिय है, मगर सावन के सोमवार का महत्व अलग ही है। सावन के सोमवार को जलाभिषेक करने पर वे भक्तों के सभी कष्ट दूर कर प्रत्येक मनोकामना पूर्ण करते हैं। सावन के दूसरे सोमवार को कई शुभ योगों के संयोग ने और भी खास बना दिया है। सावन के दूसरे सोमवार को आज सर्वार्थ सिद्धि योग और अमृत सिद्धि योग जैसे शुभ योग हैं। ऐसे शुभ संयोग वाले सोमवार को भगवान शिव की आराधना व जलाभिषेक करने से हर तरह का पाप भी नष्ट होता है और भगवान की कृपा से जीवन में सुख-समृद्धि आती है।

### बुधवार प्रातः 4 बजे से चढ़ेगा शिवरात्रि का जल

करंट क्राइम। महाराजश्री ने बताया कि मंगलवार को त्रयोदशी व हाजरी का जल चढेगा। वहीं बुधवार की प्रातः 4 बजे से चतुर्दशी यानि श्रावण की शिवरात्रि का जल चढना शुरू होगा और रात्रि 2 बजे तक भगवान दूधेश्वर का जलाभिषेक किया जा सकेगा। मंदिर में रविवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पूजा-अर्चना कर भगवान का अभिषेंक किया था। उन्होंने अधिकारियों को ऐसी व्यवस्था करने के आदेश दिए थे। उनके आदेश पर जिला-पुलिस प्रशासन व नगर निगम ने ऐसी शानदार व्यवस्था की कि देश भर से आए भक्तों को इतनी जबरदस्त भीड के बावजूद कोई परेशानी नहीं हुई और जलाभिषेंक का सिलसिला निर्बाध रूप से चलता रहा।






गाजियाबाद (करंट क्राइम)। यशोदा सुपर स्पेशलिटी और यशोदा मेडीसिटी की मैनेजिंग डॉयरेक्टर डॉ उपासना अरोड़ा स्वास्थ्य सेवाओं के साथ-साथ सामाजिक क्षेत्रों में काफी सक्रिय रहतीं हैं। समाज के प्रमुख मंचों पर उनको विशेष रूप से आमंत्रित करके उनके विचारों को सुना जाता है। इसी कड़ी में इंडो-अमेरिकन चैम्बर ऑफ कामर्स उत्तर प्रदेश द्वारा वूमेन एम्पॉवरमेंट के ऊपर एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उ0प्र0 की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और गेस्ट ऑफ ऑनर दिनेश प्रताप सिंह रहे। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम का संचालन बहुत ही सधे हुए ढंग से डॉ उपासना अरोड़ा ने किया।

# उद्धव ठाकरे इंडी गठबंधन से बाहर निकलना चाहते हैं : आचार्य प्रमोद कृष्णम



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** कांग्रेस पार्टी के पूर्व नेता आचार्य प्रमोद कृष्णम ने इंडिया ब्लॉक और शिवसेना (यूबीटी) पर एक महत्वपूर्ण टिप्पणी की है। उन्होंने कहा है कि उद्धव ठाकरे राहुल गांधी के कार्यों से असंतुष्ट हैं और इंडी गठबंधन से बाहर निकलने की इच्छा रखते हैं।

आचार्य ने बताया, किस पक्षी का कब उड़ना तय है, यह कहना कठिन है, लेकिन परिस्थितियों को देखते हुए ऐसा लगता है कि उद्धव ठाकरे उड़ने के लिए तैयार हैं। दोनों दलों के बीच वैचारिक मतभेद इतने गहरे हैं कि उनका गठबंधन टूटना अनिवार्य है। राहुल गांधी और उद्धव ठाकरे के दिल मिल नहीं पाए। शिवसेना और ठाकरे परिवार की राजनीति हमेशा कांग्रेस के खिलाफ रही है। भले ही ये दोनों पार्टियां साथ आई हों, पर उनके दिलों के बीच की दूरी अभी भी कायम है। शरद पवार ने इस गठबंधन को जोड़ने का प्रयास किया था, लेकिन अब वह सेतु भी कमजोर होता जा रहा है। ठाकरे का यह रुख गठबंधन में बढ़ती आंतरिक कलह को दशार्ता है।

आचार्य प्रमोद ने उद्धव ठाकरे के हालिया बयानों का संदर्भ देते हुए कहा कि ठाकरे ने परोक्ष रूप से राहुल गांधी और कांग्रेस को इंडी गठबंधन की असफलता का दोषी ठहराया है। उनका बयान स्पष्ट रूप से राहुल गांधी को निशाना बनाता है, जो कि कांग्रेस की रणनीति और नेतृत्व से असंतुष्ट हैं। इसके अलावा, आचार्य प्रमोद ने बिहार में इंडी गठबंधन की स्थिति पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा, कांग्रेस ने बिहार में लालू प्रसाद यादव और तेजस्वी यादव के सामने आत्मसमर्पण कर दिया है। कांग्रेस ने अपनी प्रतिष्ठा को उनके हाथों गिरवी रख दिया है। मुझे नहीं लगता कि बिहार की जनता इस गठबंधन का समर्थन करेगी। इंडी गठबंधन के कई दल कांग्रेस के नेतृत्व से असंतुष्ट हैं।

इस बीच, शिवसेना नेता शाइना एनसी ने भी गठबंधन में उभरती दरार के बारे में टिप्पणी की। उन्होंने बताया कि अब गठबंधन में केवल कांग्रेस, टीएमसी, एनसीपी (एसपी) और राजद जैसे कुछ दल ही बचे हैं। आम आदमी पार्टी (आप) ने खुद को गठबंधन से अलग कर लिया है, जो कि गठबंधन की कमजोरियों को दशार्ता है।

# गाजियाबाद और नोएडा में पूरे दिन जाम से जूझते रहे वाहन चालक



**गाजियाबाद-नोएडा, करंट क्राइम।** सावन के दूसरे सोमवार को गाजियाबाद और नोएडा में ट्रैफिक व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई। कांवडियों की भीड और उपर से बारिश ने ट्रैफिक व्यवस्था की पोल खोल दी। एक ओर जहां गाजियाबाद में कई सडकों पर भारी जाम की स्थिति बनी रही, वही नोएडा में लगभग सभी सडकों पर वाहन रेंग रहे थे। एक किमी की दूरी को तय करने में आधा घंटा लग रहा था।

सावन के महीने नोएडा से होकर गुजरने वाले कांवड़ियों की संख्या में तेजी से इजाफा हो रहा है। अगले दो दिनों में यह संख्या और बढ़ने की संभावना है, जिससे नोएडा और दिल्ली के बीच यातायात व्यवस्था पर भारी दबाव पड़ रहा है। ऐसे में नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे से दिल्ली आने-जाने वाले चालक जाम में फंसे रहे। चिल्ला बॉर्डर और कालिंदी कुंज बॉर्डर पर वाहनों को रोक-रोककर निकाला जा रहा था।

वहीं, सेक्टर-63 से अंडर पास होकर सीआईएसएफ रोड पर वाहनों का भारी दबाव होने से भयंकर जाम लग गया। सुबह से ही वाहन चालकों को जाम से जूझना पडा। शाम को तो स्थित बेहद गंभीर हो गई। ऑफिस से घर जाने वालों को घंटों जाम में फंसना पडा। उल्लेखनीय बात यह है कि जाम की स्थिति से निपटने के लिए सडकों पर ट्रैफिक पुलिसकर्मी तक दिखाई नहीं दिए।

### कांवड़ियों के रास्ते और सुरक्षा इंतजाम

करंट क्राइम। हरिद्वार से जल भरकर लौट रहे शिव भक्तों का बड़ा हिस्सा नोएडा के ओखला पक्षी विहार होकर कालिंदी कुंज से दिल्ली की ओर बढ़ रहा है। इन मार्गों पर पैदल कांवड़ियों के साथ डाक कांवड़ियों की संख्या भी काफी बढ़ गई है। शिवरात्रि पर 23 जुलाई को जलाभिषेक होना है, इसलिए 21 से 23 जुलाई के बीच कांवड़ियों का सबसे बड़ा जत्था इन सड़कों से होकर गुजर रहा है। यहां भारी जाम की स्थिति है। जैसे ही कोई कांवड़िया सड़क पार करता है, पुलिस यातायात रोक देती है, जिससे आम वाहनों को लंबे समय तक इंतजार करना पड़ता है।

# आज प्रमुख मार्गों पर संभल कर निकलें
## डाक कांवड़ से लेकर पैदल कांवड़ की रहेगी भीड़
### ट्रैफिक पुलिस के अधिकारी और प्रभारी निरीक्षक करेंगे लंबी ड्यूटी





**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** सावन मास की शिवरात्रि 23 जुलाई को है और 23 जुलाई की सुबह से लेकर देर रात तक जलाभिषेक होगा। जलाभिषेक करने के लिए सोमवार से ही बड़ी संख्या में कांवड़ियों के लौटने का सिलसिला शुरू हो गया है। तो वहीं अब एक मार्ग पर डाक कावड़ लेकर जाने वाले शिव भक्तों की भीड़ बढ़ गई है। तो लौटने वाले कांवड़ियों की पैदल संख्या में भी भारी इजाफा हुआ है। मंगलवार और बुधवार को गाजियाबाद के प्रमुख मार्गों पर ट्रैफिक का लोड बढ़ सकता है। तो वहीं कांवड़ियों की वजह से मार्ग पर जाम और असुविधा भी देखने को मिलेगी। हालांकि ट्रैफिक पुलिस के अधिकारी दावा कर रहे हैं कि वरिष्ठ अधिकारियों से लेकर प्रभारी निरीक्षक और ट्रैफिक कांस्टेबलों को लंबी ड्यूटी पर तैनात किया गया है ताकि जाम को कंट्रोल किया जा सके।

### मेरठ रोड, दिल्ली-मेरठ मार्ग और लोकल रास्तों पर बढ़ेगा लोड

करंट क्राइम : सोमवार से ही मेरठ रोड, दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे और लोकल रूट्स पर कांवड़ यात्रा के चलते वाहनों का लोड बढ़ गया है। ऐसे में जाम अधिक लगने की संभावना है। कई मार्ग वनवे कर दिए गए हैं। तो वहीं अगर दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस-वे पर वाहनों का दबाव बढ़ेगा, तो वाहनों की रफ्तार में कमी आएगी। हालांकि ट्रैफिक पुलिस द्वारा बड़ी संख्या में ड्यूटी लगाने की बात की जा रही है ताकि स्थिति कंट्रोल में रहे।

# हाउस टैक्स वृद्धि पर मिनट्स मिलने पर पार्षद उत्साहित, बोले बिना भय व डर के डटे रहे
### गाजियाबाद महानगर की जनता ने किया पार्षदों का शुक्रिया अदा



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** 30 जून को हाउस टैक्स वृद्धि के विरोध में नगर निगम में बैठक हुई थी, उस बैठक के मिनिट्स लेने के लिए नगर निगम परिसर में 18 जुलाई से लेकर 20 जुलाई तक बड़ी संख्या में पार्षद दिन और रात उपस्थित रहे। अब जनता सभी पार्षदों का हार्दिक अभिनंदन कर रही है। जानकारी के मुताबिक कुछ पार्षद कांवड़ कैंप में लगे हुए थे और कुछ मेडिकल लीव पर थे, जो नहीं आ सके। अनिश्चित कालीन आंदोलन में प्रमुखता से वार्ड 88 नीरज गोयल, वार्ड 75 हिमांशु शर्मा, वार्ड 72 कुसुम मनोज गोयल, वार्ड 76 गौरव सोलंकी, वार्ड 89 राजकुमार भाटी , वार्ड 74 नरेश भाटी, वार्ड 18 शशि डॉ पवन गौतम, वार्ड 15 पूनम सिंह, वार्ड 58 देवनारायण शर्मा, वार्ड 24 पवन गौतम, वार्ड 14 ओम प्रकाश सिंह, वार्ड 55 संतोष सिंह, वार्ड 12 प्रवीण मुलायम सिंह, वार्ड 22 विनील दत, वार्ड 91 शिवम शर्मा, वार्ड 39 उदित मोहन, वार्ड 29 ओमपाल भाटी, वार्ड 47 अमित त्यागी, वार्ड 56 मनोज त्यागी, वार्ड 98 डॉ अनिल तोमर, वार्ड 99 प्रीति अभिनव जैन, वार्ड 81 धीरज अग्रवाल, वार्ड 79 हरीश कदाकोटी, वार्ड 87 अनुज त्यागी, वार्ड 57 राधेश्याम त्यागी, वार्ड 36 प्रतिभा राजू शर्मा, वार्ड 33 धीरेंद्र बिल्लू, वार्ड 95 रुखसाना सैफी, वार्ड 7 मुन्नी देवी कश्यप, वार्ड 28 सुधीर, वार्ड 2 वीर सिंह, वार्ड 44 पवित्रा देवी, वार्ड 42 प्रमोस यादव, वार्ड 61 शिल्पा चौधरी, वार्ड 21 रीना गौतम, वार्ड 25 कन्हैयालाल, वार्ड 80 राहुल शर्मा, वार्ड 94 शशि खेमका, वार्ड 86 मदन राय, वार्ड 11 छाया संजय त्यागी, वार्ड 96 अजीत निगम, वार्ड 23 जगत सिंह, वार्ड 26 राजकुमार राजू, वार्ड 85 प्रमोद कुमार राघव, वार्ड 92 रुबीना दिलशाद।

इन सभी पार्षदों का गाजियाबाद महानगर की जनता की तरफ से हार्दिक अभिनंदन एवं स्वागत किया जा रहा है। जिन्होंने बिना भय डर के हाउस टैक्स वृद्धि के विरोध में अपना कीमती समय निकल कर अपनी मांग के लिए नगर निगम परिसर में बैठे रहे।

# बोल बम-बम : कांवड़ियों का मेरठ-दिल्ली रोड पर उमड़ा सैलाब



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** सोमवार को मेरठ-दिल्ली रोड पर कांवड़ियों का सैलाब उमड़ने लगा है। बम-बम भोले बम के जयकारे लगाते हुए शिवभक्त लगातार आगे बढ़ते जा रहे हैं। कांवड़ियों का एनएच-58 की दोनों ओर की सड़क पर कांवड़ियों का कब्जा हो चला है।

श्रावण मास की शिवभक्ति इस समय अपने चरम पर है और कांवड़ यात्रा के दौरान गाजियाबाद की सड़कों पर अद्भुत नजारा देखने को मिल रहा है। सोमवार को जैसे ही शिवभक्तों की टोलियां हरिद्वार से गंगाजल लेकर लौटने लगीं, शहरवासी अपने घरों से निकलकर सड़कों पर आ गए। बच्चे, बूढ़े, महिलाएं और युवा सभी ने कांवड़ियों का स्वागत फूल बरसाकर और जयकारों के साथ किया। कई स्थानों पर सेवा शिविर, भंडारे और संगीत कार्यक्रम भी चल रहे हैं, जहां शिवभक्त विश्राम कर रहे हैं। सड़क किनारे खड़े लोग कांवड़ियों को देखकर मंत्रमुग्ध हो रहे हैं। कई जगहों पर फोटोग्राफी और वीडियो बनाने वालों की भीड़ दिखी। सुरक्षा के लिहाज से पुलिस और प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। कांवड़ सेवा शिविरों में पहली बार बड़ी संख्या में महिलाओं की सेवा टीम भी दिख रही है, जो गर्मी और थकान से जूझते शिवभक्तों को ठंडा जल, भोजन और प्राथमिक उपचार दे रही हैं। मकनपुर डिस्पेंसरी प्रभारी डॉक्टर स्मृति शर्मा ने बताया कि नहर रोड पर सभी कावंड़ शिविरों में चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। दिन-रात डॉक्टर कावड़ियों की सेवा कर रहे।





दैनिक
करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 ● नई दिल्ली। मंगलवार 22 जुलाई -2025 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

करंट क्राइम ट्वीट का करंट

Madhu Sharma is with Sanjeev Gupta and 14 others.
12m ·

हंसने और हंसाने वाले लोग कभी स्वर्ग नहीं जाते लेकिन वह जिस जगह भी जाते हैं उस जगह को स्वर्ग बना देते हैं। मोटिवेशनल स्पीकर डॉ मधुसागर शर्मा 🙏हरे कृष्णा🙏




# शिव भक्तों पर आसमान से लेकर जमीन तक हुई पुष्प वर्षा

## पुलिस के अधिकारियों से लेकर सिविल डिफेंस और जिलाधिकारी, नगर आयुक्त और मेयर ने भी किया कांवड़ियों का पुष्प वर्षा से स्वागत



## शिवभक्तों का अधिकारियों ने किया स्वागत



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** सावन का दूसरा सोमवार गाजियाबाद में खास बन गया। जहां जिलाधिकारी दीपक मीणा और एडिशनल सीपी आलोक प्रियदर्शी द्वारा गाजियाबाद कांवड़ मार्ग का हवाई सर्वेक्षण किया गया। तो इस दौरान कांवड़ मार्ग पर कांवड़ यात्रियों और श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा कर उनका अभिनंदन करते हुए कांवड़ यात्रा को सकुशल संपन्न होने की कामना भी की गई। इस दौरान हेलीकॉप्टर में सवार होकर जिलाधिकारी और एडिशनल सीपी ने दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर, गंग नहर कांवड़ मार्ग और मुरादनगर गंग नहर छोटा हरिद्वार पर कांवड़ियों पर हेलीकॉप्टर के जरिए पुष्प वर्षा की। इस मौके पर जिलाधिकारी दीपक मीणा ने बताया कि शासन की मंशा के अनुरूप शिव भक्तों पर हर साल की भांति इस वर्ष भी पुष्प वर्षा की गई है। साथ ही उनकी कांवड़ यात्रा की मंगल कामना भी की गई।

## सिविल डिफेंस के चीफ वार्डन ललित जायसवाल ने डीसीपी ट्रांस हिंडन के साथ मोहन नगर पर कांवड़ियों का किया भव्य स्वागत





करंट क्राइम : सोमवार को पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के तीनों जोन में शिवभक्त कांवड़ियों पर पुष्प वर्षा की गई। तो सिविल डिफेंस के चीफ वार्डन ललित जायसवाल के नेतृत्व में ट्रांस हिंडन जोन में डीसीपी निमिष दशरथ पाटिल, एसीपी साहिबाबाद श्वेता यादव द्वारा साहिबाबाद के मोहन नगर चौराहे पर कांवड़ यात्रियों व श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा कर उनका अभिनंदन किया गया। साथ ही इस दौरान सिविल डिफेंस की ओर से मौजूद स्वयंसेवकों द्वारा कांवड़ियों को प्रसाद एवं जलपान वितरित किया गया। सिविल डिफेंस के चीफ वार्डन ललित जायसवाल ने बताया है कि गाजियाबाद में तीन कंट्रोल रूम बनाकर कांवड़ यात्रा को सकुशल संपन्न कराने के लिए 24 घंटे सिविल डिफेंस के स्वयंसेवक लगे हुए हैं। इसके साथ ही जगह-जगह शिव भक्तों का सिविल डिफेंस की ओर से पुष्प वर्षा एवं प्रसाद वितरित कर स्वागत भी किया जा रहा है।

## विधायक संजीव शर्मा और नगर आयुक्त ने की पुष्प वर्षा



करंट क्राइम : मेरठ रोड पर सावन के दूसरे सोमवार के अवसर पर नगर निगम गाजियाबाद के तत्वाधान में कांवड़ियों पर पुष्प वर्षा की गई। इस दौरान शहर विधायक संजीव शर्मा, महापौर सुनीता दयाल और नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने सफाई कर्मचारी एवं निगम कर्मचारियों के साथ फोटो ली और फिर पुलिस प्रशासन के अधिकारी जिसमें जिलाधिकारी, पुलिस कमिश्नर, एडिशनल सीपी, डीसीपी सिटी और नगर निगम के अपर नगर आयुक्त से लेकर उद्यान प्रभारी और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने पुष्प वर्षा की।

## पुलिस कमिश्नर, जिलाधिकारी, नगर आयुक्त ने संयुक्त रूप से दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर का किया निरीक्षण, व्यवस्थाओं का लिया जायजा

गाजियाबाद, करंट क्राइम : सावन के दूसरे सोमवार के अवसर पर पुलिस कमिश्नर गाजियाबाद जे रविंदर गौड, जिलाधिकारी दीपक मीणा, नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक, एडिशनल सीपी आलोक प्रियदर्शी, डीसीपी सिटी जोन धवल जायसवाल, एसीपी घंटा घर कोतवाली रितेश त्रिपाठी, एसीपी उपासना पांडे, एसीपी सूर्यबली, एडीसीपी ट्रैफिक सच्चिदानंद द्वारा पुलिस बल के साथ सावन के दूसरे सोमवार पर दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर का निरीक्षण किया गया। इस दौरान जहां बैरिकेडिंग से लेकर सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी से लेकर अलग-अलग प्वाइंट पढ़ते हैं, वहां पुलिसकर्मियों की स्थिति जानी। तो वहीं नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने यहां सफाई एवं जल उपलब्ध, चूना छिड़काव संबंधित दिशा निर्देश दिए गए।



### महंत नारायण गिरी से व्यवस्थाओं पर अधिकारियों ने की वार्ता

करंट क्राइम : रविवार को दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर में मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश योगी आदित्यनाथ पहुंचे थे। वहां उन्होंने पूजा अर्चना की थी और महंत नारायण गिरी से मुलाकात कर दूधेश्वरनाथ मंदिर के दर्शन किए थे। तो वहीं सोमवार को दोबारा से महंत नारायण गिरी से मुलाकात करने के लिए पुलिस कमिश्नर, जिलाधिकारी, नगर आयुक्त जिलाधिकारी, पुलिस और प्रशासन के अन्य अधिकारी यहां व्यवस्थाओं और आगामी शिवरात्रि महोत्सव की व्यवस्थाओं का जायज लेने के लिए पहुंचे। इस अवसर पर यहां की व्यवस्थाओं और तैयारी पर अधिकारियों द्वारा बारीकी से निरीक्षण किया गया।

## डीसीपी सिटी जोन द्वारा की गई पुष्प वर्षा

करंट क्राइम : डीसीपी सिटी जोन आईपीएस धवल जायसवाल और महापौर सुनीता दयाल द्वारा गाजियाबाद कांवड़ यात्रा एवं श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा मेरठ रोड टैंक कट पर की गई। इस दौरान बड़ी संख्या में अधिकारियों नगर निगम के कर्मचारियों और स्वयंसेवकों द्वारा भाग लिया गया।



# भोलों की सेवा में जुट गए हैं खाकी वाले

## कोई लगा रहा है मरहम, तो कोई बांट रहा है प्रसाद

गौरव शशि नारायण



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में कांवड़ यात्रा के दौरान खाकी के अलग-अलग रूप नजर आ रहे हैं। किसी जोन में पुलिसकर्मी भोले बाबा के भक्तों की सेवा करने के लिए उनके पैरों पर दवाई, मरहम और पट्टी बांधने का काम कर रहे हैं। तो कहीं पर पुलिसकर्मी भोले बाबा के भक्तों के लिए प्रसाद वितरित कर रहे हैं। कोई सड़क से गुजरने वाले कांवड़ियों पर पुष्प वर्षा कर रहा है। तो कोई पैदल ही लंबी दूरी तय करने वाले कांवड़ लेकर लौटने वाले भक्तों को फलाहार करवा रहा है। कुल मिलाकर सोशल मीडिया पर भले खाकी की अलग-अलग तस्वीरें नजर आ रही हों लेकिन सभी के भाव और मकसद एक ही नजर आ रहे हैं। इस यात्रा में सभी का मकसद है कि कई सौ किलोमीटर पैदल चलकर भगवान भोलेनाथ के लिए गंगाजल लेकर लौटने वाले शिव भक्त अपने गंतव्य स्थान तक ठीक से पहुंचे। सावन के दूसरे सोमवार



के अवसर पर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के अलग-अलग जोन से पुलिस कर्मियों की अलग-अलग तस्वीरें निकलकर आई हैं।





### महिला एसओ ने की कांवड़ सेवा, तो मोदीनगर और सिहानी गेट प्रभारी ने बांटा प्रसाद

करंट क्राइम : सोमवार को क्रॉसिंग रिपब्लिक थाने की एसओ प्रीति गर्ग द्वारा कांवड़ यात्रा में लंबा सफर तय करके आने वाली महिला कांवड़ियो की दवा, पट्टी और मरहम लगाकर सेवा की गई। तो यह तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हो गई। तो वहीं मोदीनगर के थाना प्रभारी नरेश शर्मा द्वारा कांवड़ शिविर में पहुंचकर शिव भक्तों को अपने हाथ से प्रसाद वितरित किया गया। इसी तरह मेरठ रोड पर सिहानी गेट थाना प्रभारी सचिन कुमार द्वारा शिव भक्तों को केले और फल वितरित किए गए। सोशल मीडिया पर नजर आ रही अलग-अलग तस्वीरें बता रही हैं कि इस बार खाकी वाले भी जमकर भोले बाबा के भक्तों की सेवा में जुटी हुई है।

### हापुड़ में पूड़ी बनाने और डांस का वीडियो भी हो रहा है वायरल

करंट क्राइम : पुलिस के कांवड़ यात्रा के दौरान अलग-अलग रूप नजर आ रहे हैं। तो हापुड़ में भी दिलचस्प तस्वीरें सामने आई हैं। वहां के थाना प्रभारी नीरज शिव भक्तों के साथ भोले बाबा के गीतों पर झूमते हुए नजर आए। वहीं महिला उप निरीक्षकों द्वारा भोले बाबा के भक्तों के लिए पूड़ी और प्रसाद तैयार करने की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। हालांकि इस मामले में हापुड़ के पुलिस कप्तान ज्ञानंजय सिंह का कहना है की कोई भी पुलिसकर्मी अपनी ड्यूटी के बाद ईच्छा से शिव भक्तों की सेवा कर सकता है।





# उड्डयन मंत्री नायडू ने हिंडन एयरपोर्ट के मंच से किया इस बात का ऐलान

## सांसद अतुल गर्ग लाये थे जरूरी कागजात तभी शुरू हुई है यहां से सपनों की एक उड़ान

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** हिंडन डोमेस्टिक एयरपोर्ट से जब 10 नई उड़ान शुरू हुई तो ये वास्तव में लोकसभा सांसद अतुल गर्ग के प्रयासों की उड़ान थी; ये उस सपने की उडान थी जो उन्होंने अपनी लोकसभा के लिए देखा।

एक बड़ा पल सफलता का था जब कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय नागर विमानन मंत्री राममोहन नायडू किन्जारापु ने माईक संभाला तो उन्होंने इस बात को मंच से कहा और एयरपोर्ट के अधिकारियों से लेकर प्रशासन के अधिकारियों ने ये बात सुनी। कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने ये बात सुनी और ये



पता चला कि गाजियाबाद के लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने बिना



कुछ कहे यहां की जमीन पर रहकर वो काम किया है जिससे आज हिंडन एयरपोर्ट की जमीन से हजाई जहाजों की उड़ान शुरू हो गई है और सही मायनों में सांसद अतुल गर्ग के सपनों की उड़ान है।

उन्होंने कहा कि हिंडन एयरपोर्ट के इतिहास में ये एक महत्वपूर्ण दिन है। इस उड़ान से सफलता के नए पंख लगे हैं। केन्द्रीय उड्डयन मंत्री ने कहा कि ये सफलता वास्तव में प्रयासों का एक संगम है।

चार महीने पहले मैं यहां आया था तब एयर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाईट की शुरूआत हुई थी और आज मुझे खुशी है कि 10 नई उड़ानों की शुरूआत हिंडन एयरपोर्ट से हो रही है।

### मंत्री बोले सांसद अतुल गर्ग आये थे लेकर पूरे कागजात और प्रशंसनीय हैं उनके प्रयास

करंट क्राइम। वास्वत में हिंडन डोमेस्टिक एयरपोर्ट के उड़ान की शुरूआत का सिलसिला लोकसभा सांसद अतुल गर्ग के प्रयासों की देन है। इस बात को केन्द्रीय उड्डयन मंत्री राममोहन नायडू किन्जारापु ने मंच से स्वीकार किया। उन्होंने कहा कि मैं 10 साल से देख रहा हू और मेरे एक साल के इस कार्यकाल में ये बड़ी बात है कि एक साल के भीतर एक दिन में 10 नए कनैक्शन उड़ान के हुए हैं। एयरपोर्ट से ये शुरूआत हो रही है। कोलकाता, पटना, चेन्नई के बाद पहली बार इन्दौर, अहमदाबाद के लिए भी फ्लाईट है। उन्होंने कहा कि मैं सोचा करता था कि इतना बड़ा शहर है और यहां से फ्लाईट क्यों उडान नहीं लेती। तब अतुल गर्ग मेरे पास आये थे और उन्होंने इस विषय को समझाने के लिए जरूरी कागजात अपने साथ लिए हुए थे, पूरी जानकारी लेकर आये थे और जब सांसद अतुल गर्ग ने विस्तार से समझाया तो फिर हमने भी इस पर ध्यान दिया और हिंडन डोमेस्टिक एयरपोर्ट को हर शहर से कनैक्ट करने के लिए प्रयास किये।

फिर एयरलाईन्स भी इसी आईडिया के साथ आगे आये। चार महीने पहले एक नई शुरूआत हुई और आज इंडिगो जैसी कंपनी नए लेवल पर शुरूआत कर रही है। सही मायनों में यह उड़ान गाजियाबाद की है। ये उड़ान हिंडन डोमेस्टिक एयरपोर्ट की है। ये उड़ान पश्चिमी उत्तर प्रदेश की है। ये उड़ान आम आदमी के सपनों की है। ये वो सपना है जिसके विषय में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा था और जिस तरह से सिविल ऐविएशन की बढ़ोत्तरी हो रही है, तरक्की हो रही है वो वास्तव में एक आम आदमी के सपनों को पूरा किया है।

### हिंडन एयरपोर्ट बैकअप नहीं बल्कि बैकबोन एयरपोर्ट बन गया है

करंट क्राइम। केन्द्रीय उड्डयन मंत्री राममोहन नायडू किन्जारापु मंच पर थे और वो हिंडन डोमेस्टिक एयरपोर्ट की उड़ान से प्रसन्न थे। वो बता रहे थे कि किस तरह से सांसद अतुल गर्ग ने प्रयास किये थे। वो बता रहे थे कि चार महीने पहले एक उड़ान शुरू हुई और चार महीने के भीतर ये पहला मौका है जब एक साल में एक दिन में 10 नई उड़ान अलग-अलग शहरों के लिए शुरू हुई है। उन्होंने यहां बातों ही बातों में 10 साल और एक साल का अंतर बता दिया। उन्होंने कहा कि आप 10 सालों में देखियें कि एयरपोर्ट की दिशा में क्या हुआ और इस अवधि में एयरक्राफ्ट दो गुना हो गये। यात्री दो गुना हो गये और एक नजर बड़े एयरपोर्ट की प्रोग्रेस पर डाले तो इस तुलना में हिंडन डोमेस्टिक एयरपोर्ट एक बड़ा उदाहरण है। उन्होंने कहा कि यहां से कई नए शहरों के लिए फ्लाईट शुरू हुई और डोमेस्टिक फ्लाईट के क्षेत्र में हिंडन एयरपोर्ट एक बड़ा नाम बनकर उभरा। ये इस बात का उदाहरण है कि सब मिलकर काम करें तो क्या नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि इस एयरपोर्ट से दिल्ली के बैकअप एयरपोर्ट के रूप में जाना जाता था लेकिन अब हिंडन डोमेस्टिक एयरपोर्ट बैकअप एयरपोर्ट नहीं बल्कि बैकबोन एयरपोर्ट बन गया है।

### सांसद अतुल गर्ग ने कहा ये है गाजियाबाद के विकास की उड़ान

करंट क्राइम। हिंडन डोमेस्टिक एयरपोर्ट से 10 नई फ्लाईट की शुरूआत हुई। इस ड्रीम उड़ान के नायक सांसद अतुल गर्ग ने माईक थामा तो इस सफलता को उन्होंने जनता को समर्पित किया। इसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सपनों की उड़ान बताया और कहा कि ये आम जनता को समर्पित है। सांसद अतुल गर्ग ने कहा कि यहां गाजियाबाद के साथ अन्याय ये था कि छोटे से प्रदेश हरियाणा को भारी माईलेज मिल रहा था। जबकि हम गाजियाबाद में बड़ी एयरपोर्ट सुविधा लिए हुए हैं। हम दिल्ली के दरवाजे पर हैं उसके बावजूद हम पिछड़ गये। मैं डोमेस्टिक एयरपोर्ट की फाईल को लेकर नागरिक उड्डयन मंत्री से मिला और 15 दिन के अंदर उड़ान शुरू हो गई है। सांसद अतुल गर्ग ने कहा कि एयरपोर्ट को लेकर एक भ्रम स्टे वाला भी था जिसे हमने दूर कराया। आज इंडिगो जैसी बड़ी कंपनी अपनी आठ फ्लाईट लेकर यहां आ रही है। तो ये इस बात का प्रमाण है कि यहां पर बिजनेस अच्छा है। उन्होंने कहा कि यूपी के अंदर इंटर कनैक्ट फ्लाईट जरूरी है और हिंडन डोमेस्टिक एयरपोर्ट उसके लिए एक उपयुक्त स्थान है। यहां कि कामर्शियल रिकवरी अच्छी है। टूर ऑपरेटर को इसकी सूचना दी जानी चाहिए ताकि ये भ्रम निकले कि जेवर एयरपोर्ट शुरू हो गया है। उन्होंने कहा कि 40 प्रतिशत हिस्सा दिल्ली, बागपत, मेरठ, हापुड़ और गाजियाबाद तथा नोएडा का है। जो इस एयर कनैक्टिविटी का एडवांटेज ले सकता है। सांसद अतुल गर्ग ने एयरपोर्ट के अलावा आस-पास की 9 एकड़ जमीन का भी जिक्र किया और कहा कि आस-पास की जमीन का विकास होना चाहिए। एयरपोर्ट का प्रचार होना चाहिए। सांसद अतुल गर्ग ने ये जानकारी दी कि हिंडन डोमेस्टिक एयरपोर्ट पर सबसे बड़ी सुविधा ये है कि आप यहां आईये और आधे घंटे में आपको फ्लाईट मिल जायेगी। जबकि अन्य एयरपोर्ट में डेढ से दो घंटे पहले जाना पड़ता है। हिंडन डोमेस्टिक एयरपोर्ट पर डेढ दो घंटे पहले जाने की जरूरत नहीं है।

## संपादकीय

### स्वच्छता के विस्तार की कड़ियां स्वागतयोग्य

दस लाख से ज्यादा आबादी वाले शहरों में गुजरात का अहमदबाद शहर पहले स्थान पर रहा। खास बात यह है कि स्वच्छता मानकों पर हर वर्ष इंदौर का नाम सुर्खियों में रहता आया है। किसी भी देश और समाज के विकास का एक जरूरी मानक यह भी है कि उसमें आम रिहाइश से लेकर सभी स्थानों पर स्वच्छता को सुनिश्चित करने को लेकर शासन कितना सक्रिय और सजग है और इसके प्रति आम लोग कितने जागरूक हैं। साफ-सफाई को लेकर नागरिक बोध एक निरंतरता में काम करता है, तभी कोई शहर एक मिसाल बन पाता है। इस लिहाज से देखें तो देश के स्वच्छता सर्वेक्षण 2024-25 में एक बार फिर इंदौर ने जिस तरह आठवीं बार सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया है, वह बाकी शहरों-महानगरों के लिए एक उदाहरण है कि सिर्फ व्यवस्थागत पहलू को दुरुस्त कर दिया जाए, तो न केवल इस मामले में सबसे आगे रहा जा सकता है, बल्कि ऐसी जगहों पर होने वाला विकास वास्तव में अपना महत्त्व स्थापित करता है। गौरतलब है कि इस वर्ष इंदौर को सुपर लीग में शामिल किया गया था। यानी इस श्रेणी में सिर्फ वही शहर शामिल थे, जो अब तक हुए सर्वेक्षणों में पहले, दूसरे या तीसरे स्थान पर रहे हैं। इस बार सुपर लीग की नई श्रेणी बनने के बावजूद इंदौर ने बाजी मारी।

दस लाख से ज्यादा आबादी में पहले स्थान पर रहा अहमदबाद इसके अलावा, दस लाख से ज्यादा आबादी वाले शहरों में गुजरात का अहमदबाद शहर पहले स्थान पर रहा। खास बात यह है कि स्वच्छता मानकों पर हर वर्ष इंदौर का नाम सुर्खियों में रहता आया है। मगर इस वर्ष इसके प्रतिस्पर्धी भी दिखने शुरू हो गए हैं और आबादी के मानक के मुताबिक बनाए गए अलग-अलग वर्गों के तहत भोपाल, लखनऊ, मीरा भायंदर, विलासपुर, जमशेदपुर, देवास, करनाल जैसे कई अन्य शहरों ने भी स्वच्छ शहरों की सूची में अपनी जगह बनाई।

निश्चित तौर पर स्वच्छता के विस्तार की कड़ियां स्वागतयोग्य हैं और देश की छवि के लिए यह अच्छा हैं, लेकिन ध्यान रखने की जरूरत है कि स्वच्छता सर्वेक्षण की सूची में स्थान बनाने के साथ-साथ इस मामले में निरंतरता कायम रहे। समस्या यह है कि सर्वेक्षण के मानकों पर किसी शहर को सबसे स्वच्छ बनाने की घोषणा तो कर दी जाती है, लेकिन किसी जगह अगर कचरा बिखरा पड़ा हो, गंदगी की सफाई को लेकर आम लोगों के भीतर कोई सजगता नहीं दिखे, नागरिक बोध का अभाव हो तो ऐसे में सवाल उठने स्वाभाविक हैं।

# सेबी ने जेन स्ट्रीट को 4844 करोड़ जमा करने के बाद फिर से कारोबार की इजाजत दी

**नई दिल्ली।** भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड ( सेबी ) ने अमेरिकी स्वामित्व वाली ट्रेडिंग फर्म जेन स्ट्रीट को भारतीय शेयर बाजारों में व्यापार फिर से शुरू करने की अनुमति दे दी है। समाचार एजेंसी रॉयटर्स ने सूत्रों के हवाले से यह जानकारी दी है। भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड ( सेबी ) ने अमेरिकी स्वामित्व वाली ट्रेडिंग फर्म जेन स्ट्रीट को भारतीय शेयर बाजारों में व्यापार फिर से शुरू करने की अनुमति दे दी है। समाचार एजेंसी रॉयटर्स ने सूत्रों के हवाले से यह जानकारी दी है। हालांकि भारतीय बाजार नियामक की ओर से इस बारे में कोई आधिकारिक अपडेट नहीं आया है।



रॉयटर्स ने सूत्रों के हवाले से अपनी रिपोर्ट में बताया कि बाजार नियामक ने शुक्रवार को फर्म को एक ईमेल भेजा है जिसमें कहा गया है कि पैसा जमा करने के बाद उसके अंतरिम आदेश के जरिए लगाए गए प्रतिबंध अब लागू नहीं होंगे। इसके अलावा, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड और बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड को अमेरिका स्थित क्वांट ट्रेडिंग फर्म की गतिविधियों पर कड़ी नजर रखने को कहा गया है।

रॉयटर्स के एक सूत्र ने बताया कि दोनों एक्सचेंजों ने अभी तक जेन स्ट्रीट को भारतीय प्रतिभूतियों की खरीद-बिक्री की सुविधा नहीं दी है।

दूसरे सूत्र ने कहा, हालांकि कंपनी को भारत में कारोबार फिर से शुरू करने की अनुमति मिल गई है , लेकिन इसने सेबी को वचन दिया है कि वह ऑप्शंस में कारोबार नहीं करेगी। कंपनी तब तक नकदी में कारोबार करने का इरादा नहीं रखती, जब तक कि वह सेबी को अपने कारोबार के बारे में पूरी जानकारी नहीं दे देती। सूत्रों के अनुसार, जेन स्ट्रीट कैपिटल ने एक एस्क्रो खाते में लगभग 4843.50 करोड़ रुपये जमा किए और बाजार नियामक, भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड ( सेबी ) से अनुरोध किया कि उन्हें भारतीय शेयर बाजारों में व्यापार फिर से शुरू करने की अनुमति दी जाए ।

पिछले सप्ताह सेबी ने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से कहा कि जेन स्ट्रीट ने 4843.50 करोड़ रुपये का कथित अवैध लाभ जमा कर दिया है और नियामक से अनुरोध किया है कि उन्हें भारतीय बाजारों में व्यापार करने की अनुमति दी जाए।

सेबी ने 14 जुलाई को अपनी अंतिम प्रेस विज्ञप्ति में कहा था कि अंतरिम आदेश के निर्देशों के अनुसार जेन स्ट्रीट के अनुरोध की वर्तमान में जांच की जा रही है।

**उपभोक्ता को सामान और विक्रेता की जानकारी अधिकार मामला**

## याचिका पर केंद्र व राज्यों को नोटिस

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को केंद्र और राज्यों से उस याचिका पर जवाब मांगा है जिसमें यह घोषित करने का अनुरोध किया गया है कि उपभोक्ताओं को वितरकों और विक्रेताओं के विवरण के अलावा अन्य उत्पादों के बारे में भी जानने का अधिकार है। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने इस मामले में चार सप्ताह के भीतर जवाब मांगा है। याचिकाकर्ता अश्विनी कुमार उपाध्याय की ओर से दायर याचिका में कहा गया है कि उपभोक्ताओं के लिए सूचित विकल्प चुनने और अनुचित या प्रतिबंधात्मक व्यापार प्रथाओं और बेईमानी से होने वाले शोषण से स्वयं को बचाने के लिए जानने का अधिकार महत्वपूर्ण है। याचिका में संबंधित प्राधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश देने की मांग की गई है कि प्रत्येक वितरक, व्यापारी और दुकान मालिक प्रवेश द्वार पर पंजीकरण का विवरण, जिसमें नाम, पता, फोन नंबर और कर्मचारियों की संख्या शामिल है, लोगों को दिखाई देने वाले डिस्प्ले बोर्ड पर मोटे अक्षरों में प्रदर्शित करें। अधिवक्ता अश्विनी कुमार दुबे के माध्यम से दायर याचिका में कहा गया है,जानने का अधिकार उपभोक्ताओं को धोखेबाज या भ्रामक वितरक, डीलर, व्यापारी, विक्रेता और दुकान मालिक का शिकार होने से बचाता है, जो उत्पाद/सेवा के बारे में



गलत जानकारी दे सकते हैं या बिक्री, खरीद और धन के लेन-देन के बाद गायब हो सकते हैं। याचिका में कहा गया है कि यदि किसी उपभोक्ता को किसी उत्पाद या सेवा से कोई समस्या है तो शिकायत दर्ज करने और उपभोक्ता निवारण मंच के माध्यम से निवारण प्राप्त करने के लिए वितरक, डीलर और विक्रेता का विवरण जानना आवश्यक है। याचिका में कहा गया है।

## कॉइनडीसीएक्स ने 378 करोड़ की साइबर चोरी के बाद उठाया कदम

**नई दिल्ली।** कॉइनडीसीएक्स से करीब 44.2 मिलियन डॉलर यानी लगभग 378 करोड़ रुपये की डिजिटल संपत्ति चोरी हो गई थी। इसके बाद कंपनी ने घोषणा कि वह चोरी हुई राशि की रिकवरी और अपराधियों की पहचान में मदद करने वाली जानकारी देने वालों को बरामद राशि का 25 प्रतिशत तक इनाम देगी।



भारतीय क्रिप्टोकरेंसी एक्सचेंज कॉइनडीसीएक्स ने हाल ही में हुए साइबर हमले के बाद बड़ा कदम उठाया है। कंपनी ने सोमवार को घोषणा कि वह चोरी हुई राशि की रिकवरी और अपराधियों की पहचान में मदद करने वाली जानकारी देने वालों को बरामद राशि का 25 प्रतिशत तक इनाम देगी। यह घोषणा उस घटना के बाद सामने आई है, जिसमें कॉइनडीसीएक्स से करीब 44.2 मिलियन डॉलर यानी लगभग 378 करोड़ रुपये की डिजिटल संपत्ति चोरी हो गई थी।

### कॉइनडीसीएक्स ने वेब3 समुदाय से की सहयोग की अपील

कॉइनडीसीएक्स का रिकवरी बाउंटी प्रोग्राम नैतिक हैकर्स, व्हाइट- हैट रिसर्चर्स और पूरे परिस्थितिकी तंत्र के साझेदारों से सहयोग की अपील करता है। इसका उद्देश्य न केवल धन की वसूली करने, बल्कि साइबर अपराध के खिलाफ लड़ाई में ह्वी3 समुदाय को एकजुट करना है। वेब3 समुदाय, विकेंद्रीकृत तकनीकों, जैसे कि ब्लॉकचेन, पर आधारित लोगों का एक समूह है जो एक साथ आते हैं और सहयोग करते हैं।

### बाउंटी पूल की रिकवरी राशि 1.1 करोड़ डॉलर तक होने की संभावना

कॉइनडीसीएक्स ने एक बयान में कहा कि बाउंटी पूल की संभावित राशि पूर्ण रिकवरी की स्थिति में 1.1 करोड़ डॉलर तक हो सकती है। कॉइनडीसीएक्स इस मामले की जांच के लिए सुरक्षा एजेंसियों और ब्लॉकचेन विशेषज्ञों के साथ मिलकर काम कर रही है। कंपनी ने भरोसा दिलाया है कि यूजर्स के फंड पूरी तरह सुरक्षित हैं और अतिरिक्त सुरक्षा उपाय भी लागू किए जा रहे हैं।

### कंपनी ने दिया ग्राहकों को आश्वासन

कंपनी ने कहा कि यह इनाम पहल साइबर अपराध के खिलाफ सहयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शुरू की गई है। कॉइनडीसीएक्स ने सभी संबंधित पक्षों से अपील की है कि अगर उनके पास इस चोरी से जुड़ी कोई ठोस जानकारी है, तो वे तुरंत कंपनी से संपर्क करें। सह-संस्थापक सुमित गुप्ता और नीरज खंडेलवाल ने कहा कि कंपनी के ट्रेजरी रिजर्व का उपयोग करके कॉइनडीसीएक्स द्वारा कुल नुकसान को पूरी तरह से अवशोषित किया जा रहा है। इससे किसी भी ग्राहक का धन प्रभावित नहीं हुआ है।

# बाजार पर लौटा निवेशकों का भरोसा सेंसेक्स 442 अंक चढ़ा, निफ्टी 25000 के पार

नई दिल्ली। हफ्ते के पहले कारोबारी दिन यानी सोमवार को शेयर बाजार हरे निशान पर बंद हुआ। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 442.61 अंक उछलकर 82,200.34 अंक पर बंद हुआ। वहीं, 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 122.30 अंक की बढ़त के साथ 25,090.70 पर बंद हुआ।



एचडीएफसी बैंक और आईसीआईसीआई बैंक के तिमाही नतीजों के बाद इनमें बढ़त से सोमवार को बीएसई सेंसेक्स 442 अंक चढ़ गया जबकि निफ्टी 25,000 अंक के स्तर से ऊपर बंद हुआ। दो दिन से जारी गिरावट पर विराम लगाते हुए 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 442.61 अंक या 0.54 प्रतिशत उछलकर 82,200.34 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 516.3 अंक या 0.63 प्रतिशत बढ़कर 82,274.03 अंक पर पहुंच गया। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 122.30 अंक या 0.49 प्रतिशत की बढ़त के साथ 25,090.70 पर आ गया।

### सेंसेक्स की कंपनियों का हाल

सेंसेक्स की कंपनियों में इटर्नल में पहली तिमाही के आंकड़ों के बाद सबसे अधिक 5.38 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई। आईसीआईसीआई बैंक के शेयरों में 2.76 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। एचडीएफसी बैंक का शेयर 2.19 प्रतिशत चढ़ गया। महिंद्रा एंड महिंद्रा, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, कोटक महिंद्रा बैंक और टाटा मोटर्स भी लाभ में रहे।

हालांकि, भारत की सबसे मूल्यवान कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर में 3.29 प्रतिशत की गिरावट आई। एचसीएल टेक, हिंदुस्तान यूनिलीवर, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और आईटीसी भी पिछड़ने वालों में शामिल रहे।

### यूरोपीय बाजारों में आई गिरावट

एशियाई बाजारों में, दक्षिण कोरिया का कोस्पी, शंघाई का एसएसई कंपोजिट सूचकांक और हांगकांग का हैंगसेंग सकारात्मक दायरे में बंद हुए। जापान में अवकाश के कारण शेयर बाजार बंद रहे। यूरोपीय बाजार गिरावट के साथ कारोबार कर रहे थे। शुक्रवार को अमेरिकी बाजार मिले-जुले रुख के साथ बंद हुए।

### ब्रेंट क्रूड का भाव गिरकर 68.93 डॉलर प्रति बैरल पहुंचा

वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.48 प्रतिशत घटकर 68.93 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। एक्सचेंज के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने शुक्रवार को 374.74 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर खरीदे। शुक्रवार को सेंसेक्स 501.51 अंक या 0.61 प्रतिशत गिरकर 81,757.73 पर बंद हुआ। निफ्टी 143.05 अंक या 0.57 प्रतिशत गिरकर 24,968.40 पर बंद हुआ।

## रोचक तथ्यों का करंट

- धरती से किसी उल्कापिंड के टकराने का खतरा 9300 में से एक बार होता है।
- न्यूक्लीयर रिएक्टरों को ठंडा किया जाए तो सुक्ष्म जीव भी संघर्ष कर सकते है।
- पुरुष में 1000 स्पर्म एक सेकंड में बनते है।
- एक तूफान में 8000 मेगाटन बम के निर्माण जितनी उर्जा होती है।
- दुनिया का सबसे छोटा कीड़ा तंजानियन पैरासिटिक वास्प है जो एक मक्खी की आँख से भी छोटा है।
- अंटार्कटिका का सबसे बड़ा ग्लेशियर अल्म्बेर्ट ग्लेशियर है जो 250 मील लंबा और 40 मील चौड़ा है।
- तापमान कितना भी कम हो जाए, गैसोलीन कभी भी नहीं जमता।
- पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण से बाहर निकलने के लिए राकेट को 7 माइल्स प्रति सेकंड से जाना पड़ता है।
- सबसे पुराना रेडिओ प्रसारण 1930 में हुआ जो अब 100,000 तारों को पार कर चूका होंगा।
- लाइट की गति से भी हमे अपने पास वाली गैलेक्सी एंड्रोमेडा में जाने के लिए 2 मिलियन वर्ष लगेंगे।

## राशिफल

**मेष :** नए प्रेम संबंध बनने की संभावना है। ऑफिस में अत्यधिक काम के कारण आप अपने जीवन साथी के लिए समय नहीं निकाल पाएंगे।

**वृष :** प्यार करें, गुस्सा आपके रिश्तों को खराब कर सकता है। दाम्पत्य संबंधों में अहंकार के कारण अलगाव हो सकता है। मन अशांत रहेगा।

**मिथुन :** प्रेम संबंधों में पुरानी यादें ताजा करने से रिश्ते में मधुरता आएगी। जीवनसाथी के साथ भविष्य की योजनाएं बना सकते हैं।

**कर्क :** आप भावुक हो रहे हैं। पार्टनर के साथ किसी भी तरह की बहस से बचें। पारिवारिक समस्याओं को सुलझाने में दिन व्यतीत होगा।

**सिंह :** ससुराल पक्ष को लेकर पति-पत्नी के बीच तनाव रहेगा। किसी एक व्यक्ति की वजह से शादीशुदा लोगों के रिश्ते में खटास आ सकती है।

**कन्या :** आज आपके प्रेमी से आपकी मुलाकात जरूर होगी। आप पार्टी के मूड में हैं। आज आप अपने पार्टनर के साथ संबंधों को मजबूत करने का प्रयास करेंगे।

**तुला :** मन बेचैन रहने वाला है। प्रेमी से झगड़ा होगा। आज अलगाव की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। प्रेमी के परिवार वालों को किसी काम में सहयोग मिलेगा।

**वृश्चिक :** काम के कारण आप ज्यादा समय नहीं दे पा रहे हैं। इससे पार्टनर के प्रति नाराजगी बढ़ सकती है। घर में परेशानी कम होगी।

**धनु :** शादीशुदा लोगों के लिए दिन अच्छा है। कोई शुभ समाचार मिल सकता है। घर में मेहमान आ सकते हैं। धार्मिक यात्रा पर जाने की तैयारी कर सकते हैं।

**मकर :** विदेश जाने के योग बन सकते हैं। प्रेमी से विवाद हो सकता है। जीवनसाथी परेशान है। तुम उसकी हिम्मत बनो।

**कुंभ :** नए प्रेम संबंध बनने की संभावना है। आज दोस्तों के साथ अच्छा समय बीतेगा। अगर आप शादीशुदा हैं तो आपको ससुराल पक्ष से स्नेह और सम्मान मिलेगा।

**मीन :** युवक-युवती के प्रेम संबंधों में अचानक बदलाव आएगा। संबंध बेहतर होंगे। अचानक वैवाहिक संबंध बन सकते हैं।

## चुटकुले

पप्पु : पापा मुझे एक लड़की पसंद है , मैं उससे शादी करना चाहता हूँ।
पापा : क्या वो भी तुझे पसन्द करती है ?
पप्पू : हाँ वो भी मुझे पसंद करती है और शादी करना चाहती है।
पापा : जिस लड़की की पसन्द ऐसी हो मैं उसे अपनी बहू कभी नहीं बना सकता।

---

पप्पू ने सिगरेट का पैकेट खरीदा।
पैकेट के ऊपर चेतावनी लिखी थी - धुम्रपान से दस्त हो सकते है। पप्पू वापिस दूकान पर गया और बोला ये कौन सा पेकेट दे दिया भाई।
वो कैंसर वाला ही दे।

---

पप्पू की छत से पानी टपकता था वो भी ठीक डाइनिंग टेबल के ऊपर।
पलंबर ने पूछा आपको कब पता चला की छत्त से पानी टपक रहा है?
पप्पू-कल रात को जब मेरा पैग एक घंटे तक खत्म नहीं हुआ तब!!




प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

**करंट क्राइम**

K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364
सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

# फ्रीस्टाइल शतरंज ग्रैंडस्लैम में अर्जुन एरिगैसी छठे पर रहे, प्रज्ञानंद भी नहीं कर सके कुछ खास



**नई दिल्ली।** भारतीय स्टार अर्जुन एरिगैसी और आर प्रज्ञानंद यहां फ्रीस्टाइल शतरंज ग्रैंड स्लैम में क्रमशः छठे और सातवें स्थान पर रहे, जबकि अमेरिका के ग्रैंडमास्टर लेवोन अरोनियन ने खिताब जीता। अरोनियन ने टूर्नामेंट के फाइनल में हमवतन हंस मोके नीमन को 1.5-0.5 से हराया। विश्व के नंबर एक खिलाड़ी नॉर्वे के मैग्नस कार्लसन ने अमेरिका के हिकारू नाकामुरा को हराकर तीसरा स्थान हासिल किया।

अर्जुन को अमेरिका के फैबियानो कारूआना से 0-2 से हार का सामना करना पड़ा, जबकि प्रज्ञानंद ने एक अन्य अमेरिकी वेस्ली सो को 1.5-0.5 से हराकर इस प्रतियोगिता में अंतिम आठ प्रतिभागियों में सातवां स्थान हासिल किया। अरोनियन ने टूर्नामेंट जीतने पर 200000 डॉलर, जबकि अर्जुन ने 40000 डॉलर की पुरस्कार राशि हासिल की।

प्रज्ञानंद ने भी सुनिश्चित किया कि वह ज्यादा पीछे न रहें और अंतिम राउंड में जीत के बाद कुल 30000 डॉलर की राशि अपने नाम की।

# टूर्नामेंट के लिए अपनी टीम को भारत नहीं भेजना चाहता है पाकिस्तान, सुरक्षा कारणों को बताई वजह

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान हॉकी महासंघ (पीएचएफ) ने खेल की वैश्विक नियामक संस्था एफआईएच को सूचित किया है कि सुरक्षा चिंताओं के कारण उसके लिए अगले महीने होने वाले एशिया कप के लिए अपनी टीम को भारत भेजना मुश्किल होगा। पीएचएफ के प्रमुख तारिक बुगती ने कहा कि उन्होंने एफआईएच और एशियाई हॉकी महासंघ (एएचएफ) को पत्र लिखकर टीम को भारत भेजने को लेकर अपने फैसले से अवगत करा दिया है।

उन्होंने कहा, 'हमने उन्हें सूचित किया है कि मौजूदा परिदृश्य में हमारी टीम को भारत में खेलते समय सुरक्षा संबंधी खतरों का सामना करना पड़ सकता है। हमने उन्हें बता दिया है कि हमारे खिलाड़ी एशिया कप के लिए भारत जाने के इच्छुक नहीं हैं।' एशिया कप विश्व कप के लिए क्वालिफाइंग टूर्नामेंट भी है। पीएचएफ प्रमुख ने कहा



कि अब इस प्रतियोगिता और पाकिस्तान के मैचों के बारे में निर्णय लेने की जिम्मेदारी एफआईएच और एएचएफ पर है।

उन्होंने कहा, 'हमने उनसे पूछा है कि हमें बताएं कि क्या गारंटी है कि हमारे खिलाड़ी भारत में सुरक्षित रहेंगे और टूर्नामेंट पर ध्यान केंद्रित कर पाएंगे।' पाकिस्तान सरकार ने अभी तक इस मुद्दे पर कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है, लेकिन हाल ही में एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने कहा था कि टीम भारत नहीं जाएगी।

खेल मंत्रालय के सूत्र ने कहा, 'हम भारत में होने वाले बहु-राष्ट्रीय टूर्नामेंट में किसी टीम के शामिल होने खिलाफ नहीं हैं, लेकिन द्विपक्षीय सीरीज अलग बात है। अंतरराष्ट्रीय खेल की मांग होती है कि हम किसी को टूर्नामेंट से बाहर नहीं कर सकते। रूस और यूक्रेन के बीच जंग चल रही है, लेकिन वे बहु-राष्ट्रीय टूर्नामेंट में खेलते हैं।'

### 27 अगस्त से शुरू होगा एशिया कप

इससे पहले भारतीय खेल मंत्रालय के सूत्रों ने स्पष्ट किया था कि वह पाकिस्तान हॉकी टीम को अगले महीने भारत में होने वाले एशिया कप में शामिल होने से नहीं रोकेंगे। खेल मंत्रालय के सूत्र ने न्यूज एजेंसी पीटीआई के हवाले से बताया कि वे बहु-राष्ट्रीय टूर्नामेंट में किसी टीम के शामिल होने के विरुद्ध नहीं हैं। हॉकी एशिया कप का आयोजन 27 अगस्त से सात सितंबर तक बिहार के राजगीर में होना है।

# अक्तूबर-नवंबर में शतरंज विश्व कप की मेजबानी करेगा भारत

**नई दिल्ली।** भारत इस साल 30 अक्तूबर से 27 नवंबर तक शतरंज विश्व कप की मेजबानी करेगा और इस प्रतियोगिता के लिए मेजबान शहर की घोषणा उचित समय पर की जाएगी। विश्व में शतरंज की सर्वोच्च संस्था फिडे ने सोमवार को यह घोषणा की। इस टूर्नामेंट में 206 खिलाड़ी प्रतिष्ठित खिताब और 2026 फिडे कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के क्वालिफिकेशन स्थान के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे। भारत ने पिछली बार 2002 में हैदराबाद में इस टूर्नामेंट की मेजबानी की थी। तब विश्वनाथन आनंद ने खिताब जीता था। आगामी प्रतियोगिता में खिलाड़ी नॉकआउट प्रारूप में प्रतिस्पर्धा करेंगे, जहां प्रत्येक राउंड में हारने वाला खिलाड़ी बाहर हो जाएगा। फिडे ने कहा, 'विश्व कप में शीर्ष तीन स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ी 2026 के कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के लिए सीधे क्वालिफाई करेंगे।' मौजूदा विश्व चैंपियन डी गुकेश, विश्व कप 2023 के उपविजेता आर प्रज्ञानानंद और वर्तमान में विश्व में पांचवें नंबर के खिलाड़ी अर्जुन एरिगैसी उन स्टार खिलाड़ियों में शामिल हैं जो इस पर प्रतियोगिता में भाग लेंगे।

# वीनस विलियम्स कोर्ट पर लौटने के लिए तैयार

## चाहती हैं बहन सेरेना भी करे वापसी

**वांशिगटन।** वीनस विलियम्स एक साल से अधिक समय के बाद पहली बार टेनिस कोर्ट पर लौटने के लिए तैयार हैं और उनकी दिली इच्छा है कि उनकी छोटी बहन सेरेना भी वापसी करें। वीनस डीसी ओपन से टेनिस कोर्ट पर वापसी करेंगी। दूसरी तरफ सेरेना का हाल में सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ था जिसमें वह रैकेट घुमाती दिख रही हैं।

वीनस से जब इस बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, 'मैं अपनी टीम से कहती रहती हूं कि अगर वह यहां होती तो बहुत अच्छा होता। हमने शुरू से काफी कुछ साथ में किया है और इसलिए मुझे निश्चित तौर पर उसकी कमी खलती है।' उन्होंने मुस्कुराते हुए कहा, 'लेकिन अगर वह वापसी करती है तो मुझे पूरा विश्वास है कि वह इस बारे में आप सबको अवगत कर देगी।'

सेरेना 43 वर्ष की है और उन्होंने 2022 में अमेरिकी ओपन के बाद कोई मैच नहीं खेला था। इसके बाद उन्होंने





उस खेल से दूर जाने की घोषणा की थी जिस पर उन्होंने लंबे समय तक दबदबा बनाए रखा था। इस दौरान उन्होंने 23 ग्रैंड स्लैम एकल खिताब और वीनस के साथ 14 युगल खिताब जीते थे। अमेरिका की राजधानी में हार्ड-कोर्ट टूर्नामेंट शुरू होने से एक दिन पहले वीनस ने कहा, 'मुझे नहीं पता कि वह क्या करने जा रही है। मैं उससे इस बारे में नहीं पूछती। मुझे लगता है कि वह हमेशा गेंद को हिट करती रहती है क्योंकि हम ऐसे ही हैं।'

**45 साल की हुई वीनस ने सात ग्रैंड स्लैम एकल खिताब जीते हैं जिनमें दो अमेरिकी ओपन और पांच विंबलडन खिताब शामिल हैं।**

उन्होंने बताया कि हाल ही में उनके एक अभ्यास सत्र के दौरान सेरेना वहां आईं और लगभग 15 या 20 मिनट तक उनके साथ रहीं। वीनस ने कहा, 'वह छह महीने की छुट्टी ले सकती है और फिर आसानी से वापसी कर सकती है। आप उस जैसी प्रतिभा को सिखा नहीं सकते।' पिछले महीने 45 साल की हुईं वीनस ने सात ग्रैंड स्लैम एकल खिताब जीते हैं जिनमें दो अमेरिकी ओपन और पांच विंबलडन खिताब शामिल हैं। उनका आखिरी टूर्नामेंट मार्च 2024 में मियामी ओपन में था, जहां वह पहले ही दौर में बाहर हो गई थीं।

# युद्ध से जूझ रहे यूक्रेन के उसिक बने हैवीवेट चैंपियन, डुबोइस को नॉकआउट कर जीता खिताब

**यूक्रेन।** युद्ध से जूझ रहे यूक्रेन के 38 वर्षीय पेशेवर मुक्केबाज ओलेक्जेंडर उसिक ने वेम्बली स्टेडियम में ब्रिटेन के डैनियल डुबोइस को पांचवें राउंड में नॉकआउट कर दोबारा निर्विवाद विश्व हैवीवेट चैंपियन का खिताब हासिल किया। उसिक ने डुबोइस को एक जोरदार बाएं हुक से हराया, जिससे वह विश्व मुक्केबाजी संघ, परिषद और संगठन के बेल्ट्स बरकरार रखने के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाजी महासंघ बेल्ट भी वापस जीतने में सफल रहे। उसिक ने पिछले साल फ्यूरी को दो बार हराकर निर्विवाद हैवीवेट चैंपियन का खिताब जीता था। एजेंसी




### मोहम्मद अली के रिकॉर्ड की बराबरी

उसिक अब दो बार खिताब जीतने वाले लीजेंड मोहम्मद अली और फ्लोएड पैटरसन के बाद तीसरे खिलाड़ी बन गए। उसिक ने कहा, मैंने साढ़े तीन महीने तैयारी की और इस दौरान परिवार और अपनी पत्नी को नहीं देखा। मैं घर वापस जाना चाहता हूं। यूट्यूबर जैक पॉल ने उन्हें एमएमए फाइट का नियौता दिया है।

भारतीय पेशेवर मुक्केबाज निशांत देव ने अमेरिकी मुक्केबाज लक्वान इवांस को हराया। 24 वर्षीय निशांत ने मुकाबले के छठे राउंड में 1:58 मिनट पर टेक्निकल नॉकआउट से जीत हासिल की। यह उनकी लगातार तीसरी जीत रही। 2023 विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक विजेता निशांत ने इवांस पर लगातार प्रहार किए, जिसके बाद रेफरी ने मुकाबला रोक दिया।

# दो स्तरीय टेस्ट प्रणाली पर विचार के लिए कार्य समिति गठित; अगले साल से फिर से शुरू होगी चैंपियंस लीग टी20





**मुंबई।** आईसीसी ने नए मुख्य कार्यकारी अधिकारी संजोग गुप्ता की अध्यक्षता में आठ सदस्यीय एक कार्यसमूह का गठन किया है। यह समिति टेस्ट क्रिकेट को दो-स्तरीय प्रणाली में पुनर्गठित करने की संभावना का पता लगाएगी। इस समिति का गठन सिंगापुर में आईसीसी की वार्षिक आम बैठक के दौरान अध्यक्ष जय शाह और गुप्ता के अखिल भारतीय नेतृत्व में किया गया। संजोग गुप्ता को इसी महीने की शुरूआत में आईसीसी का सीईओ नियुक्त किया गया था। एक रिपोर्ट के मुताबिक, पैनल के अन्य सदस्यों में इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रिचर्ड गोल्ड और क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी टॉड ग्रीनबर्ग भी शामिल हैं। रिपोर्ट में कहा गया है, 'कोई भी बदलाव विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के अगले चक्र के लिए किया जाएगा, जो 2027 से 2029 तक चलेगा। इसमें मौजूदा नौ टीम के प्रारूप के बजाय छह-छह के दो डिवीजन का प्रस्ताव है।'

समिति को इस साल के आखिर तक आईसीसी को अपनी सिफारिशें पेश करनी होगी। गोल्ड और ग्रीनबर्ग के समिति में शामिल होने का मतलब है कि नई दो-स्तरीय प्रणाली लागू होने की पूरी संभावना है, क्योंकि सीए और ईसीबी इसके प्रमुख समर्थक रहे हैं। मौजूदा समय में, विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में नौ टीमें प्रतिस्पर्धा करती हैं, लेकिन यदि प्रस्तावित दो-स्तरीय प्रणाली लागू की जाती है, तो संरचना छह-छह टीमों के दो डिवीजनों में बदल जाएगी, जिसमें टीमों को प्रमोट भी किया जाएगा और खराब खेलने वाली टीमों को डिमोट किया जाना शामिल है।

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया और ईसीबी ने पिछले साल दो-स्तरीय प्रणाली पर चर्चा की थी। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया इसका एक प्रमुख समर्थक रहा है और एक ऐसे मॉडल पर जोर दे रहा है जिसमें ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और भारत हर तीन साल में दो बार आमने-सामने हों, जो हर चार साल में दो सीरीज के वर्तमान प्रारूप से बेहतर है।

### चैंपियंस लीग टी20 का फिर से आगाज

इस बीच सिडनी मार्निंग हेराल्ड के अनुसार क्लब स्तर की अंतरराष्ट्रीय टी20 प्रतियोगिता चैंपियंस लीग अगले साल से फिर से शुरू हो सकती है। आईसीसी इस प्रतियोगिता को फिर से शुरू करने के लिए सक्रिय रूप से काम कर रही है। इसको लेकर चर्चा जारी है जिसमें भारत, ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के क्रिकेट बोर्ड महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

चैंपियंस लीग को इससे पहले आखिरी बार 2014 में भारत में आयोजित किया गया था, जिसमें चेन्नई सुपर किंग्स ने बेंगलुरु में हुए फाइनल में कोलकाता नाइट राइडर्स को हराकर खिताब जीता था। उस प्रतियोगिता में भारत की तीन, ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका की दो-दो तथा पाकिस्तान, वेस्टइंडीज और न्यूजीलैंड की एक-एक टीम ने भाग लिया था। इस प्रतियोगिता को चेन्नई सुपर किंग्स और मुंबई इंडियंस ने दो-दो, जबकि ऑस्ट्रेलिया की न्यू साउथ वेल्स और सिडनी सिक्सेस ने एक-एक बार जीता है।

# भारतीय-ए पुरुष हॉकी टीम ने यूरोप दौरे का समापन हार के साथ किया




**नई दिल्ली।** भारत ए पुरुष हॉकी टीम ने यूरोप दौरे में अपना अभियान नीदरलैंड के खिलाफ 2-8 से हार के साथ समाप्त किया। युवा भारतीय मिडफील्डर राजिंदर सिंह और फॉरवर्ड सेल्वम कार्थी ने रविवार को खेले गए यूरोप दौरे के अंतिम मैच में भारतीय टीम की तरफ से गोल दागे। भारत ए पिछले सप्ताह नीदरलैंड के खिलाफ अपना पिछला मैच 0-3 से हार गया था। भारत ए ने आठ जुलाई को दौरा शुरू किया और पांच यूरोपीय टीमों के खिलाफ कुल आठ मैच खेले। भारतीय टीम ने नीदरलैंड और बेल्जियम जैसी कुछ शीर्ष टीमों के साथ प्रतिस्पर्धा करने के लिए तीन शहरों की यात्रा की। भारत ए के कोच शिवेन्द्र सिंह ने कहा, 'भले ही इस यूरोपीय दौरे के दौरान हमें जीत की तुलना में अधिक हार मिली, लेकिन हमारा मुख्य उद्देश्य अनुकूल परिणाम हासिल करना नहीं बल्कि एक टीम के रूप में सीख और अनुभव हासिल करना था जिसका भविष्य में इन खिलाड़ियों को फायदा मिलेगा।'

# बैडमिंटन एशिया जूनियर मिश्रित टीम चैंपियनशिप भारत क्वार्टर फाइनल में जापान से हारकर बाहर

**नई दिल्ली।** भारत की जूनियर टीम को सोमवार को यहां बैडमिंटन एशिया जूनियर मिश्रित टीम चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में पूर्व चैंपियन जापान से 104-110 से करीबी हार का सामना करना पड़ा। रिले स्कोरिंग प्रणाली के तहत खेली जा रही इस प्रतियोगिता के बेहद करीबी मुकाबले में भारत ने पहले मैच में 11-9 से मिली हार के बाद शानदार वापसी की।



**जापान से 104-110 से करीबी हार का सामना करना पड़ा। रिले स्कोरिंग प्रणाली के तहत खेली जा रही इस प्रतियोगिता के बेहद करीबी मुकाबले में भारत ने पहले मैच में 11-9 से मिली हार के बाद शानदार वापसी की।**

भार्गव राम अरिगेला और विश्वा तेज गोब्बुरू की लड़कों की युगल जोड़ी ने भारत को बढ़त दिलाई। इसके बाद वेन्नाला कलागोटला और रेशिका उथयासूरियन की लड़कियों की जोड़ी ने भी जीत हासिल की। इससे भारत 33-26 से आगे हो गया। इसके बाद रेशिका ने भव्या छाबड़ा के साथ मिलकर भारत की बढ़त को 44-35 कर दिया जबकि रौनक चौहान ने भी शानदार प्रदर्शन करके टीम को अच्छी स्थिति में पहुंचा दिया था। भारत ने मुकाबले के अधिकांश समय बढ़त बनाए रखी, लेकिन 2023 के चैंपियन जापान ने अंतिम पांच मैच जीतकर बढ़त बना ली। इनमें से अधिकतर मैच बेहद रोमांचक रहे। भारत ने हॉन्गकॉन्ग, चीन, संयुक्त अरब अमीरात और श्रीलंका पर जीत के साथ ग्रुप डी में शीर्ष स्थान हासिल किया था। इस प्रतियोगिता की व्यक्तिगत चैंपियनशिप 23 जुलाई से शुरू होगी।

# पहले टी20 में बांग्लादेश से सात विकेट से हारने पर पाकिस्तान का नया ड्रामा

**ढाका।** पाकिस्तान के मुख्य कोच माइक हेसन ने पिच को समझने में गलती के लिए अपने बल्लेबाजों को दोषी ठहराया, लेकिन साथ ही कहा कि शेर बांग्ला नेशनल स्टेडियम की पिच किसी भी मैच के लिए भी आदर्श नहीं है। पाकिस्तान को रविवार को बांग्लादेश के खिलाफ तीन मैचों की टी20 सीरीज के पहले मैच में सात विकेट से करारी हार का सामना करना पड़ा। पहले बल्लेबाजी करने के लिए कहे जाने के बाद, पाकिस्तान की पारी 110 रन पर सिमट गई। फखर जमान ने सर्वाधिक 44 रन बनाए, जबकि मोहम्मद अब्बास अफरीदी (22) और खुशदिल शाह (17) ही दोहरे अंक में पहुंचे। जवाब में, बांग्लादेश ने 15.3 ओवर में तीन विकेट गंवाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। सलामी बल्लेबाज परवेज हुसैन इमोन ने नाबाद 56 रन की पारी खेली।

पहले टी20 आई के लिए पिच के हेसन के आकलन का कारण यह तथ्य है कि पाकिस्तान आठवें ओवर तक 46 रन पर पांच विकेट गंवा दिए थे। उनके अधिकांश बल्लेबाज बड़े




शॉट्स लगाते हुए आउट हुए थे। इसके अलावा तीन खिलाड़ी रन आउट भी हुए। हेसन ने मैच के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा, 'मुझे लगता है कि पिच किसी के लिए भी आदर्श नहीं है। टीमें एशिया कप या (टी20) विश्व कप की तैयारी के लिए कोशिश कर रही हैं। इस तरह की पिच स्वीकार्य नहीं है। यह बल्लेबाजों के खराब शॉट के लिए बहाना नहीं है, लेकिन यह पिच अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप नहीं है। हमारी शुरूआत अच्छी रही थी। फखर जमान ने चार-पांच शॉट खेले। इससे हमें संकेत मिला कि पिच कैसी खेल रही थी।'

हेसन ने कहा, 'हमने बीच में कुछ खास खेल नहीं दिखाया। हमने कुछ खराब शॉट के विकल्प चुने। जब गेंद तेजी से उछलने लगी तो हमने शायद यह आकलन नहीं किया कि उच्च जोखिम वाले शॉट खेलना थोड़ा अधिक चुनौतीपूर्ण होगा। कुछ रन आउट होने से भी मदद नहीं मिली।' बांग्लादेश के कप्तान लिटन दास ने पिच के बारे में शिकायतों को खारिज कर दिया और कहा कि उन्होंने इस पर बहुत क्रिकेट खेला है और मैच को जीतने के लिए सूझबूझ का इस्तेमाल किया।

लिटन ने कहा, 'हम निश्चित तौर पर विकेट के बारे में जानते हैं क्योंकि हमने मीरपुर में काफी क्रिकेट खेली है। यह आसान विकेट नहीं है, लेकिन

**पहले बल्लेबाजी करने के लिए कहे जाने के बाद, पाकिस्तान की पारी 110 रन पर सिमट गई। फखर जमान ने सर्वाधिक 44 रन बनाए, जबकि मोहम्मद अब्बास अफरीदी (22) और खुशदिल शाह (17) ही दोहरे अंक में पहुंचे।**

जिस तरह से हमने बल्लेबाजी की, हमें अच्छा लग रहा है। दूसरी पारी में गेंद ओस के कारण अच्छी तरह से बल्ले पर आ रही थी। हमने वास्तव में अच्छी गेंदबाजी की। हमने शुरूआती विकेट आसानी से निकाले और यही जीत का हमारा मुख्य कारण है।'

प्लेयर ऑफ द मैच चुने गए बांग्लादेश के सलामी बल्लेबाज परवेज हुसैन इमोन भी इस बात से सहमत नहीं हैं कि यह खराब पिच थी। ईएसपीएनक्रिकइंफो ने उनके हवाले से लिखा है, 'हमें पिच खराब नहीं लगी, क्योंकि हमने 16 ओवर से भी कम समय में लक्ष्य का पीछा कर लिया था। अगर हम पूरे 20 ओवर बल्लेबाजी करते तो 150-160 रन बना सकते थे। ऐसा हो सकता है कि पाकिस्तान की टीम पिच से तालमेल नहीं बिठा पाई। हमने उनसे बेहतर एडजस्ट किया। ढाका की पिच से आमतौर पर गेंदबाजों को फायदा होता है। हमने विकेट का तेजी से आकलन करने की कोशिश की। यह हमारी पहली योजना थी।'

इमोन ने कहा, 'निश्चित तौर पर हमारी टीम की जीत से खुश हूं। पारी को फिर से संवारने का दबाव मुझ पर कुछ खास नहीं था। हम सिर्फ सकारात्मक रहते हैं और सिंगल लेकर स्ट्राइक रोटेट करने की तलाश कर रहे थे। जब मैंने छक्के लगाए तो मुझे मजा आया।' बांग्लादेश मंगलवार (22 जुलाई) को जब पाकिस्तान से इसी स्थान पर भिड़ेगा। लिटन की टीम वह मैच जीतकर सीरीज में अजेय बढ़त हासिल करने की कोशिश करेगी।

# 'ग्रीनाथॉन' में हरे रंग की टी शर्ट में नजर आएंगे प्रतिभागी

## 27 जुलाई को आयोजित होगी मैराथन, टी-शर्ट का किया गया अनावरण

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पर्यावरण के प्रति लोगों में जागरूकता लाने के लिए गाजियाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा 27 जुलाई को आयोजित की जाने वाली मैराथन में हिस्सा लेने वाले प्रतिभागियों के लिए टी शर्ट के कलर और लोगो को प्राधिकरण उपाध्यक्ष अतुल वत्स व अन्य अधिकारियों के द्वारा फाइनल रूप दे दिया गया।

प्राधिकरण उपाध्यक्ष ने कहा कि चूकि 28 जुलाई को विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस है, इसको ध्यान मे रखते हुए आयोजित होने वाली ' ग्रीनाथॉन ' की थींम रन फॉर ग्रीन गाजियाबाद के मद्देनजर टी- शर्ट के कलर और लोगो को अंतिम रूप दिया गया है।




### मैराथन को लेकर लोगों में जबरस्दत उत्साह : अतुल वत्स

करंट क्राइम। मैराथन में हिस्सा लेने के लिए लोगों में जबरदस्त तरीके से उत्साह है । प्राधिकरण द्वारा मैराथन में हिस्सा लेने के लिए आनलाइन आवेदन की व्यवस्था दी गई है । बड़ी संख्या में आवेदन प्राप्त हो रहे है, इसके साथ साथ प्राधिकरण के अधिकारियों के द्वारा अनेक संस्थाओ से भी सम्पर्क किया गया है। संस्थाओ के पदाधिकारियों के साथ लगातार बैठक की जा रही है। इस मैराथन से प्रत्येक उम्र के लोग जुडे सकें इसके लिए इसे चार अलग श्रेणियों में रखा गया है, अर्थात 21.1 किलो मीटर, 10 किलो मीटर, 5 और 3 किलो मीटर फन रन। इस मैराथन की शुरूआत सिटी फारेस्ट से की जाएगी, एलीवेटेड रोड होते हुए मार्ग तय किया गया है।

### सिटी फॉरेस्ट से होगी मैराथन की शुरुआत, हिंडन नदी के किनारे होगा पौधरोपण



करंट क्राइम। इस दिवस पर हिंडन नदी के किनारे पौधरोपण भी किया जाएगा। मैराथन में हिस्सा लेने वालों को टी शर्ट,मैडल तथा सार्टिफिकेट भी उपलब्ध कराए जाएंगे। मैराथन में विजेताओं को नगद धनराशि से भी सम्मानित किया जाएगा, 21.1 किलो मीटर मैराथन में विजेता महिला एवं पुरुषों को 21 हजार की धनराशि से सम्मानित किया जाएगा। इसके साथ साथ प्रथम रनर को 11 हजार एवं द्वितीय रनर को 5100 रूपए एवं 10 किलो मीटर की मैराथन में विजेता महिला एवं पुरुषों को 11 हजार एवं प्रथम रनर को 5100 और द्वितीय रनर को 3100 एवं 5 किलो मीटर की मैराथन में विजेता महिला एवं पुरुषों को 5100 तथा प्रथम रनर को 3100 और द्वितीय रनर को 2100 नगद धनराशि से सम्मानित किया जाएगा।

### ट्रोनिका सिटी में 25 किलो गांजा बरामद पहले भी रहा है तस्करी का आरोपी

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** थाना ट्रोनिका सिटी पुलिस ने एक गांजा तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपी दिलीप से 25 किलो गांजा बरामद हुआ है। दिलीप ट्रोनिका सिटी क्षेत्र का रहने वाला है। पुलिस चेकिंग के दौरान दिलीप को संदिग्ध व्यवहार के कारण रोका गया। तलाशी में उसके पास से अवैध गांजा मिला। पूछताछ में उसने बताया कि वह गांजा उड़ीसा से लाता था। इसे दिल्ली एनसीआर के विभिन्न इलाकों में कम उम्र के लड़कों के माध्यम से बेचता था। आरोपी गांजा को दो बैगों में कपड़ों के नीचे छिपाकर ले जा रहा था। वह खुद को कपड़े बेचने वाला बताता था। कांवड़ यात्रा के कारण पुलिस चेकिंग बढ़ी हुई थी। इसलिए वह रात में यमुना के किनारे से होकर दिल्ली जाने की योजना बना रहा था। पुलिस के मुताबिक दिलीप एक संगठित गिरोह का सरगना है। वह कम उम्र के युवाओं को अपने साथ जोड़कर गांजा तस्करी कराता है। आरोपी पहले भी उड़ीसा और मध्य प्रदेश में तस्करी के मामलों में पकड़ा जा चुका है।




### जिनकी परम्पराओं का है रूक्का वो गुड़गुड़ा रहे है ग्लैमर का हुक्का

सनातन संस्कृति परम्पराओं का पालन करती है। ये पालन साउथ के मंदिरों से लेकर पूर्वांचल के मंदिरों तक है। राम की लीला का मंचन परम्पराओं का पालन है। पुतलों का दहन परम्पराओं का पालन है। लेकिन 100 वर्षों से अधिक पुरानी रामलीला अब अपनी परम्पराओं से इतर चल रही है। वो रामलीला जिसकी परम्परा है कि वो रावण के दूत की मुनादी के साथ शुरू होगी। वो रामलीला जिसमें उस्ताद और खलीफा की परम्परा है। वो रामलीला जिसमें रोजाना मंचन के बाद उस्ताद आरती करते है। वो रामलीला जिसके पास मैदान अपना है। वो रामलीला जिसमें कभी मंचन टोली पूरे मंचन के दौरान सात्विक भोजन स्वयं बनाकर आहार के रूप में लेती थी। वो रामलीला जहां राम बरात, सीता विदाई देखने पूरा शहर उमड़ता है। वो रामलीला अब अपनी परम्पराओं को खो रही है। उस रामलीला में अब थियेटर आ गया है। कमेटी 20 लाख रुपए इसी ग्लैमर पर खर्च कर रही है। अन्य रामलीलाएं करें, लेकिन ये तो शहर की शताब्दी पुरानी इतिहास सेमेटे परम्पराओं की रामलीला है। अब करणधारों को आगे आना होगा तभी 100 साल पुरानी परम्पराओं को बचाया जा सकेगा। वरना ग्लैमर वाले तो राम के खजाने से नोट लुटाने को तैयार है।

### उन्होंने रखी इतनी केयर कि ना पड़े हम पर नजर-ए-मेयर

हाउस टैक्स वाले रण में सीन कमल बनाम कमल हो गया। कमल वालों ने मोर्चा खोला। कमल वाले धरने पर बैठ गये और कमल वालों ने ही हाईकोर्ट में याचिका दायर की। इस पूरे रण में जहां लाईन के उस पार से लेकर लाईन के इस पार तक कई मोहल्ला प्रधान ऐसे भी रहे जो अपने हितों और पार्टी प्रोटोकॉल को लेकर पूरी तरह सावधान रहे। अब पार्टी का तो पता नहीं लेकिन उनकी केयर इस बात को लेकर रही कि मेयर को लेकर जुबान ना फिसल जाये। वो नारे भी लगा रहे थे और इस बात को भी दोहरा रहे थे कि हमें तो मेयर पर पूरा भरोसा है। अरे जब मेयर पर भरोसा है तो फिर धरने पर क्यों बैठ गये। और अगर धरने पर बैठ गये तो फिर ये भरोसा कैसा है। बहरहाल निगम वाले बता रहे हैं कि गेम अभी फिनिश नहीं हुआ है और कोर्ट के डिसीजन के बाद आप यहां बदलती हुई पोजिशन देख लेना।

### अब देवतुल्यों को नहीं है कृपा वाले मानूसन की उम्मीद

सरकार लगातार दूसरी बार रिपीट हुई और देवतुल्यों को ये उम्मीद थी कि इस बार तो उन पर कृपा होगी। वो उम्मीद लगाते रहे और दिन बीते, महीने बीते और फिर साल भी बीत गये। इस वर्ष भी आधा साल बीत चुका है और अभी तक कोई उम्मीद नहीं है कि सरकारी कृपा का कोई बादल बरसेगा। नामित पार्षद, जीडीए बोर्ड सदस्य से लेकर अन्य संस्थाओं में कोई दायित्व वाला सीन होता नहीं दिखाई दे रहा। देवतुल्य ने ही अपनी पीड़ा को साझा किया और कहा कि फूल खिलाने का जो ये बीड़ा है यही तो हमारे सियासी कैरियर का सबसे बड़ा कीड़ा है। उसने कहा कि इस साल भी हमें कोई उम्मीद नहीं है और आने वाला साल चुनावी तैयारियों का साल है। हो चुकी कृपा जो होनी थी और अब कुछ महीनों के लिए भी ये पद लेकर क्या हो जायेगा। बिना मतलब हमारा नाम सरकारी कृपा पाने वालों में दर्ज हो जायेगा।

# म्यांमार भूकंप राहत अभियान में NDRF की टीम सम्मानित

गाजियाबाद, करंट क्राइम। म्यांमार में आए भयानक भूकंप के बाद राहत और बचाव कार्यों में महत्वपूर्ण योगदान देने वाली राष्ट्रीय आपदा मोचन बल की 8वीं बटालियन, कमला नेहरू नगर, गाजियाबाद की टीम को ऑपरेशन ब्रह्मा में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय आपदा मोचन बल के महानिदेशक पियूष आनंद, आईपीएस थे। उनका स्वागत महानिरीक्षक नरेंद्र सिंह बुंदेला, उप महानिरीक्षक (ऑप्स) मोहसिन शाहेदी और उप महानिरीक्षक 8वीं बटालियन प्रवीण कुमार तिवारी द्वारा किया गया।

मुख्य अतिथि ने टीम की साहसिक सेवाओं, त्वरित प्रतिक्रिया कौशल और मानवीय सहयोग की सराहना की। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रयास की दक्षता और भारत की वैश्विक मानवता के प्रति प्रतिबद्धता का प्रमाण हैं। 29 जुलाई 2025 को हिंडन एयरबेस से 80 रेस्क्यूर्स की एक टीम, कमांडेंट पी.के. तिवारी के नेतृत्व में म्यांमार के लिए रवाना हुई। इस टीम में 6 अधिकारी, 74 रेस्क्यूर्स, महिला कर्मी और के-9 डॉग यूनिट शामिल थे। अभियान 06 अगस्त 2025 को समाप्त हुआ और टीम स्वदेश लौट आई। इस दौरान 14 प्रभावित क्षेत्रों में राहत कार्य किया गया, जिसमें 64 मृतकों के शव बरामद किए गए। टीम ने प्रशिक्षित और आधुनिक उपकरणों का उपयोग किया।





मुजफ्फरनगर में पति की प्रताड़ना से परेशान एक महिला ने अपने दो बच्चों के साथ नहर में कूदने की कोशिश की, जिसे एक युवक ने बचा लिया। इस अभियान को न केवल भारत में, बल्कि म्यांमार और अन्य पड़ोसी देशों से भी प्रशंसा मिली। मांडले के मुख्यमंत्री ने एक विशेष प्रतीक चिन्ह देकर टीम को सम्मानित किया, जो भारत की मानवीय सहायता के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक बन गया। यह सम्मान समारोह एनडीआरएफ की सेवा भावना, प्रतिबद्धता और गौरवपूर्ण उपलब्धियों को उजागर करता है और आने वाले रेस्क्यूर्स के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगा।

# कांवड़ सेवा शिविर के द्वितीय दिवस पर पहुंचे सांसद अतुल गर्ग



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वार्ड 83 की पार्षद कविता प्रवीन भाटी के संयोजन में आयोजित कांवड़ सेवा शिविर के दूसरे दिन, शिविर में कांवड़ियों की सेवा हेतु भव्य व्यवस्थाएं की गईं।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में गाजियाबाद सांसद अतुल गर्ग ने शिविर में पधारकर सेवा कार्यों का निरीक्षण किया एवं व्यवस्थाओं की सराहना की। सांसद अतुल गर्ग ने कहा कि सावन माह में कांवड़ियों की सेवा करना अत्यंत पुण्य का कार्य है, और ऐसे शिविर समाज में समर्पण व सहयोग की भावना को मजबूत करते हैं।

## कैफे मालिक की हत्या का मुख्य आरोपी गिरफ्तार



**नोएडा (करंट क्राइम)।** ग्रेटर नोएडा की बीटा-2 पुलिस ने नागपुर के एक कैफे मालिक की हत्या के मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी शाहिद शेख उर्फ सलीम शेख पिछले तीन महीनों से ग्रेटर नोएडा में छिपा हुआ था। पुलिस के अनुसार, शाहिद ने 15 अप्रैल को अपने साथियों के साथ मिलकर नागपुर में कैफे मालिक अविनाश की गोली मारकर हत्या कर दी थी। हत्या के बाद वह ग्रेटर नोएडा के सेक्टर गामा वन में रहने लगा। आरोपी लगातार अपना मोबाइल नंबर और ठिकाना बदल रहा था। नागपुर पुलिस ने इस मामले में कई टीमों का गठन किया। अब तक शैलेश, अंकित, आदर्श, शिबू और रोहित को गिरफ्तार किया जा चुका है। महाराष्ट्र पुलिस ने आरोपी का मोबाइल नंबर ट्रेस कर बीटा-2 पुलिस की मदद से उसे पकड़ लिया। पूछताछ में सामने आया कि आपसी रंजिश के चलते हत्या की गई थी।

# लोनी के बीजेपी विधायक ने सपा नेता एसटी हसन पर केस करने की मांग की

### थाने में दी शिकायत



गाजियाबाद, करंट क्राइम। लोनी के बीजेपी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने सपा नेता एसटी हसन पर केस करने की शिकायत दी है।

उन्होंन प्रेसवार्ता कर इसकी जानकारी दी। विधायक ने कहा कि एच टी हसन ने एक निजी चैनल पर इंटरव्यू देते हुए कहा था कि असदुद्दीन ओवैसी और अकबरुद्दीन ओवैसी को अब जीजा क्यों नहीं पुकार सकते, इस्लाम में तो दो शादियां जायज है पेश कर दें जोधाबाई की तरह किसी को, जो जीजा कहने लगे।


विधायक ने आरोप लगाते हुए कहा कि एस टी हसन ने हिन्दू समाज की करोड़ों बहन-बेटियों का अपमान हुआ है और देश में दंगा भड़काने और साम्प्रदायिक सौहार्द बिगड़ने की गंभीर आशंका उत्पन्न हुई है। इसके अतिरिक्त एस.टी. हसन पूर्व में भी कांवड़ यात्रियों को आतंकियों से तुलना करने, महारानी पद्मावती पर अमर्यादित टिप्पणी करने और बार-बार ऐसे विवादित बयान देने और देश में दंगा फैलाने का प्रयास करते रहे है।

भारतीय न्याय संहिता 2023 के तहत इनका बयान दंडनीय है क्योंकि यह बयान विभिन्न समुदायों के बीच वैमनस्य फैलाना, धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुँचाना, शांति भंग करने हेतु जानबूझकर अपमान, वर्ग विशेष के विरुद्ध शत्रुता फैलाना और आईटी अधिनियम 2000 की धाराओं के तहत अपराधिक कृत्य है।




### कब मिलेगा सबसे महत्वपूर्ण थाने को अतिरिक्त थ्री-स्टार

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में तमाम ऐसे थाने हैं, जहां मुख्य थ्री-स्टार यानी प्रभारी इंस्पेक्टर के अलावा भी कई थ्री-स्टार हैं। इसके साथ ही हाल चौकियों का भी ऐसा ही है। मुख्य चौकी प्रभारी टू-स्टार के साथ दर्जनों की संख्या में उप निरीक्षक हैं लेकिन यहां सिटी जोन के अंतर्गत आने वाले सबसे महत्वपूर्ण, टेंशन और खास कहे जाने वाले थाने का हाल इन दिनों बेहद गजब वाला बना हुआ है। सूत्रों ने बताया है कि बीते करीब एक महीने से थाने में मुख्य थ्री-स्टार ही सारी टेंशन और अटेंशन लिए हुए हैं। थाने में कोई अतिरिक्त थ्री-स्टार नहीं है। इसके अलावा यह उस थानाक्षेत्र का मामला है, जहां अधिकारियों के सबसे ज्यादा आवास हैं। तो इसी थानाक्षेत्र में पुलिस वाली लाइन भी है। कचहरी का बड़ा परिसर है, तो महत्वपूर्ण संस्थानों की बड़ी संख्या वाली लिस्ट भी है। इसके बावजूद पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में किसी भी अधिकारी का इस ओर अब तक ध्यान नहीं गया है। मान भी लें कि बीते कई दिनों से अधिकारी कांवड़ वाली सेवा में व्यस्त चल रहे होंगे, पर क्या उन्हें अपने आसपास के बारे में इतना भी मालूम नहीं है कि इतने महत्वपूर्ण थाने में एक ही थ्री-स्टार पर सारा प्रेशर चल रहा होगा। सूत्र बता रहे हैं कि हाल इन दिनों यह है की कांवड़ यात्रा के चलते पुलिस के अधिकांश वाहन ड्यूटी पर हैं। तो जिन वाहनों में कभी चार से पांच पुलिसकर्मी तैनात होते थे, उनमें संख्या एक और दो पर सीमित होकर रह गई है। उधर सूत्रों ने बताया है कि इस थाने वाले जो थ्री-स्टार थे वह पुलिस कर्मियों की क्लास और उनको पढ़ाई के लिए मुरादाबाद गए थे। तब से किसी को यहां भेजा नहीं गया। अब यह तो अधिकारी जाने की वजह क्या है या किसी नए आदेश का इंतजार हो रहा है। पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्रों से जानकारी मिल रही है की कांवड़ यात्रा समाप्त होने के बाद 25 से 29 के बीच सिस्टम में एसीपी और थाना प्रभारियों के लिए लिस्ट का सरप्राइज आएगा। तो जिनको रवाना किया जाना है, उनका भी नंबर लग जाएगा। देखना होगा कि खास और महत्वपूर्ण थाने में अतिरिक्त थ्री-स्टार की पोस्टिंग कब तक की जाती है। उधर सुनने में आ रहा है कि जल्द ही पीपीएस से आईपीएस हुए साहब को लेकर भी न्यूज सुलाई देने वाली है। तो हर जोन में एसीपी ट्रैफिक का काम कौन संभालेगा। इसको लेकर भी आदेश आने ही वाला है। कुल मिलाकर डीसीपी स्तर पर क्या फेरबदल होंगे। इसको लेकर संस्पेस अभी भी बना हुआ है।



# गद्दे के गोदाम में भीषण आग लगने से लाखों का नुकसान, दमकल की चार गाड़ियों ने पाया काबू

**नोएडा (करंट क्राइम)।** नोएडा के सूरजपुर थाना क्षेत्र स्थित सुरजपुर कस्बे में गद्दे के गोदाम में आग लग गई। आग की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची। दमकल की चार गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। गोदाम रिहायशी इलाके में स्थित था। आग लगने से लाखों रुपए का सामान जलकर राख हो गया। स्थानीय लोगों के अनुसार, रिहायशी क्षेत्र में गोदाम होने से बड़ा हादसा हो सकता था। हालांकि, राहत की बात यह रही कि इस घटना में किसी तरह की जनहानि नहीं हुई।



जिला दमकल अधिकारी ने सूचना देते हुए बताया कि सुबह के समय आग लगने की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंची और वहां पर पाया कि एक गद्दे का गोदाम था, जिसमें आग लगी हुई थी। हमारी दमकल की की टीम ने आग पर काबू पा लिया। इस दौरान चार गाड़ियों का इस्तेमाल किया गया। हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई है लेकिन गोदाम में रखे हुए सभी गद्दे जलकर राख हो गए। आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट बताई जा रही है।

## नोएडा प्राधिकरण ने लॉन्च की कार्पोरेट स्कीम

# नीलामी के जरिए 10 प्लाटों का होगा आवंटन 1000 वर्गमीटर तक के है प्लाट



**नोएडा (करंट क्राइम)।** कंपनियों को अपना कार्पोरेट ऑफिस बनाने का मौका है। इसके लिए प्राधिकरण ने 10 प्लाट की स्कीम लॉन्च की है। सभी प्लाट 1000 वर्गमीटर के है। ये प्लाट नोएडा के सेक्टर-153 में है। जिनको डेवलप किया गया है। ये सेक्टर नोएडा एक्सप्रेस वे, आगरा एक्सप्रेस वे और नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से कनेक्टेड हैं। योजना के तहत ई-ऑक्शन के जरिए प्लाट का आवंटन किया जाएगा। इसके अलावा जल्द ही प्राधिकरण होटल स्कीम योजना भी लेकर आ रहा है।

4 अगस्त तक कर सकते है आवेदन कार्पोरेट ऑफिस प्लाट योजना के तहत 4 अगस्त तक आवेदन किए जा सकते है। दस्तावेजों की जांच के बाद प्लाट की नीलामी की जाएगी। सबसे ज्यादा बोली लगाने वाले आवेदक को प्लाट का आवंटन किया जाएगा। इसके अलावा नोएडा में होटल स्कीम भी जल्द लॉन्च की जाएगी। बोर्ड से अनुमति के बाद इसकी फाइल तैयार कर सीईओ को भेजी गई है। इसके लिए सेक्टर-93बी में तीन प्लाट 2 हजार वर्गमीटर और सेक्टर-135 में 24 हजार वर्गमीटर का एक प्लाट है। इसका आवंटन भी ई बोली और साक्षात्कार के जरिए किया जाएगा।

अन्य विभागों की भी आ चुकी स्कीम इससे पहले प्राधिकरण 12 प्लाट की इंडस्ट्रियल स्कीम और कामर्शियल प्लाट की योजना निकाल चुका है। साथ ही एक ग्रुप हाउसिंग योजना के तहत भी प्लाट निकाला गया है।

सभी के लिए अगस्त तक आवेदन किया जा सकता है। जिसके बाद प्लाट का आवंटन होगा। इससे प्राधिकरण को बड़ा राजस्व मिलेगा। प्राधिकरण ने बताया कि लैंड बैंक तैयार किया जा रहा है। जल्द ही बड़े और छोटे फ्लैट योजना को भी निकाला जाएगा।




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। पिलखुवा नगर पालिका चैयरमैन विभु बंसल ने अपनी परम पूजनीय अम्मा कमला देवी के जन्मदिन पर उनके चरणों में बैठकर उनका आशीर्वाद लिया। अध्यक्ष विभु बंसल ने अपने शब्दों के जरिए अपने मन की भावनाओं को, अपनी अम्मा कमला देवी के प्रति अपनी श्रद्धा और अपने आदर भाव को समर्पित किया। उन्होंने अपनी अम्मा के जन्मदिन पर अपने स्नेहिल शब्दों से एक संदेश दिया कि संस्कार क्या होते हैं और आस्था श्रद्धा क्या होती है। पिलखुवा नगर पालिका चैयरमैन विभु बंसल की यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

# विपक्ष के हंगामे के बीच लोकसभा-राज्यसभा स्थगित

## तख्तियां लेकर नारेबाजी करते हुए विपक्ष ने ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा कराने की मांग की

**नई दिल्ली।** संसद के मॉनसून सत्र का आगाज बेहद हंगामेदार रहा। आज सत्र शुरू होते ही विपक्ष ने जोरदार हंगमा किया। तख्तियां लेकर नारेबाजी करते हुए विपक्षी सांसदों ने ऑपरेशन सिंदूर पर सदन में चर्चा कराने की मांग की। जिस समय यह सब हो रहा था, तब प्रश्नकाल चल रहा था। लोकसभा स्पीकर ने विपक्षी सांसदों से शांत होकर बैठने के लिए कहा, लेकिन जब वे लोग नहीं माने तो लोकसभा स्पीकर ने दोपहर तक के लिए सदन की कार्यवाही को स्थगित कर दिया। बता दें कि ऑपरेशन सिंदूर के अलावा भी ऐसे कई मद्दे हैं, जिनपर विपक्ष चर्चा कराने की मांग कर रहा है। हालांकि, सरकार ने कहा है कि वह सभी मुद्दों पर चर्चा करने के लिए तैयार है।

### राहुल गांधी पर राज्य सभा रेखा शर्मा ने उठाए सवाल

राहुल गांधी के इस दावे पर कि उन्हें लोकसभा में बोलने की अनुमति नहीं दी जा रही है, राज्यसभा सांसद रेखा शर्मा ने कहा कि वह कभी-कभार ही सदन में आते हैं और फिर बिना बारी के बोलना चाहते हैं। लेकिन जब बोलने का समय होता है, तो वह सदन में नहीं आते।

### पहलगाम के पीड़ितों को कब मिलेगा न्याय

शिवसेना (यूबीटी) सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने कहा कि हमारी सेना के ऑपरेशन सिंदूर से पाकिस्तान को करारा जवाब मिला, जो आतंकवादी हमलों और गतिविधियों में संलिप्त पाया गया है। ऑपरेशन सिंदूर के तहत मैं भारत की ओर से कई देशों में भारत का दृष्टिकोण प्रस्तुत करने गई, लेकिन मेरा मानना है कि असली जीत और जश्न तभी होगा, जब उन आतंकवादियों को, जिन्हें हम अभी तक नहीं पकड़ पाए हैं, पकड़कर मौत की सजा दी जाएगी। उन परिवारों को न्याय तभी मिलेगा जब ये आतंकवादी, जो अभी भी फरार हैं, पकड़े जाएंगे।

### पाकिस्तान को बेनकाब करने का एक बहुत सफल अभियान चलाया

साथियों पहलगाम की क्रूर हत्या अत्याचार नरसंहार पूरी दुनिया चौंक उठी आतंकवादी और आतंकवादियों के आके की तरफ दुनिया का ध्यान केंद्रित हुआ और उस समय दलहित छोड़कर देशहित में हमारे ज्यादातर दलों के प्रतिनिधि ज्यादातर राज्यों के प्रतिनिधि विश्व भ्रमण किया दुनिया के अनेक देशों में गए और एक स्वर से दुनिया के सामने आतंकवादियों का आका पाकिस्तान को बेनकाब करने का एक बहुत सफल अभियान चलाया। वे आज राष्ट्रहित में किए गए इस अहम कार्यके लिए उन सभी सांसदों और दलों की सराहना करना चाहता हूं और उसने देश में एक सकारात्मक वातावरण पैदा किया, विश्व ने भारत की बात को स्वीकार करने की दिशा में अपने मन के द्वार खोले इसके लिए हमारे सांसदगण और राजनीतिक दल सराहना के पात्र है।



**ट्रंप ने 24 बार कहा मैंने समझौता करवाया : खरगे**

**ग्रीन कॉरिडोर में बदल गए नक्सलियों के रेड जोन :** पीएम ने कहा कि देश कई प्रकार की हिंसक वारदातों का लंबे अरसे से शिकार रहा है। देश जब आजाद रहा है तबसे इसे झेल रहे हैं, आतंकवाद हो या फिर नक्सलवाद हो लेकिन आज नक्सलवाद का माओवाद का दायरा बहुत तेजी से सिकुड़ रहा है। देश के सुरक्षाबल एक नए आत्मविश्वास से तेज गति से सफलता की ओर कदम रख रहे हैं। मैं गर्व से कह सकता हूं कि देश में सैकड़ों जिले नक्सल की चपेट में से निकलकर आज मुक्ति की सांस ले रहे हैं। हमें गर्व है कि बम बंदूक और पिस्तौल के सामने हमारा देश का संविधान जीत रहा है, हमारे देश का संविधान विजयी हो रही है, देश के उज्ज्वल भविष्य के लिए साथ दिख रहा है कि कल तक जो रेड कॉरिडोर थे वो आज ग्रीन जोन में परिवर्तित होते नजर आ रहे हैं।

**भारत की सैन्य शक्ति को मिलेगा बल- पीएम :** प्रधानमंत्री ने कहा कि मुझे विश्वास है जब सदन इस विजयोत्वस को एक स्वर में विजय के भाव से इस सत्र के दरम्यान अपनी भावना प्रकट करेगा तो भारत की सैन्य शक्ति को बल मिलेगा और सैन्य क्षेत्र में जो रिसर्च और मैन्युफैक्चरिंग हो रहे हैं, मेड इन इंडिया हथियार बन रहे हैं उसे भी बल मिलेगा और भारत के नौजवानों के लिए नए रोजगार का अवसर पैदा होगा। ये दशक हम एक प्रकार से देख सकते हैं कि कंधे से कंधे से आगे बढ़ रहे हैं।

**मेक इन इंडिया सैन्य शक्ति से दुनिया हुई आकर्षित :** प्रधानमंत्री ने कहा कि ये मॉनसून सत्र एक विजयोत्सव है पूरी दुनिया ने भारत की सैन्य शक्ति का भारत के सैन्य के सामर्थ्य का रूप देखा है। ऑपरेशन सिंदूर में भारत की सेना ने जो लक्ष्य निर्धारित किया था उसे 100 फीसदी एचीव किया। आतंकियों के आकाओं के घर में जाकर 22 मिनट के भीतर ऑपरेशन सिंदूर के तहत उसको जमींदोज कर दिया गया। मैंने बिहार के कार्यक्रम में इसकी घोषणा

### दुनिया देख रही भारत का नया सामर्थ्य- प्रधानमंत्री

पीएम ने कहा कि कम महंगाई, हाई ग्रोथ एक अच्छे विकास यात्रा की दिशा को दे रहा है। डिजिटल इंडिया, यूपीआई आज भारत के एक नए सामर्थ्य को दुनिया देख रही है पहचान रही है। साथियों पिछले दिनों इंटरनेशनल लेबर ऑर्गेनाइजेशन का एक वैश्विक समागम था उसमें भारत ने बहुत बड़ी ऊंचाई प्राप्त की। आईएलओ का कहना है कि 90 करोड़ से ज्यादा लोग भारत में अब सोशल सिक्यॉरिटी के दायरे में है। [illegible] ने ये कहा है कि भारत में आंख की बीमारी ट्रेकोमा फ्री घोषित कर दिया गया है। ये अपने आप में एक अहम भारत के लिए सिद्धि है।




### संसद के बाहर राहुल गांधी बोले- हमें बोलने की इजाजत नहीं है

मानसून सत्र के पहले दिन दोपहर 2 बजे तक के लिए स्थगित होने के बाद लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा कि सवाल यह है कि रक्षा मंत्री को सदन में बोलने की अनुमति है, लेकिन विपक्ष के सदस्यों, जिनमें मैं भी शामिल हूं, जो विपक्ष का नेता हूं, हमें बोलने की अनुमति नहीं है। यह एक नया दृष्टिकोण है। परंपरा कहती है कि यदि सरकार की ओर से लोग बोल सकते हैं, तो हमें भी बोलने की जगह दी जानी चाहिए।

### पहलगाम आतंकी हमले पर खरगे ने पूछे कड़े सवाल तो नड्डा बोले- आजादी के बाद ऐसा ऑपरेशन नहीं हुआ

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पहलगाम आतंकी हमले को लेकर राज्यसभा में सवाल उठाते हुए कहा कि 'पहलगाम आतंकी हमले के आरोपी अभी तक न पकड़े गए हैं और न ही मारे गए हैं। सभी पार्टियों ने एकजुट होकर सरकार को इस मुद्दे पर समर्थन दिया, ऐसे सरकार की तरफ से हमें पहलगाम हमले पर और उसके बाद के घटनाक्रम पर हमें जानकारी दी जानी चाहिए।' इस पर सदन के नेता और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि 'इस सदन के माध्यम से देश में ये संदेश नहीं जाना चाहिए कि हम ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा नहीं चाहते, हम चर्चा करेंगे और इस मुद्दे पर हर बात को सदन के पटल पर रखा जाएगा। मैं ये भी कहना चाहूंगा कि देश की आजादी के बाद देश में आज तक ऐसा ऑपरेशन नहीं हुआ, जैसा प्रधानमंत्री के नेतृत्व में ऑपरेशन सिंदूर में हुआ।



# हंगामे के बीच शुरू हुआ बिहार विधानसभा का मानसून सत्र

## एसआईआर के मुद्दे पर चर्चा की मांग

**पटना।** बिहार विधानसभा के मानसून सत्र के पहले दिन विपक्ष ने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की सरकार पर जमकर हंगामा बोला। सदन के अंदर और बाहर विपक्ष के नेताओं ने प्रदर्शन किया।

भाकपा माले के विधायकों ने कपड़े पहनकर एनडीए सरकार की नीतियों के खिलाफ अपना विरोध जताया। सदन में विपक्ष के विधायक गुंडाराज के नारे लगा रहे थे। अनुपूरक बजट पेश होने के बाद शोक प्रस्ताव हुआ। इसके बाद विधानसभा की कार्यवाही स्थगित कर दी गई। इधर, सदन से बाहर निकले प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान नीतीश सरकार को बड़ी नसीहत दे दी।

**काले कपड़े में पहुंचे माले विधायक :** बिहार विधानसभा के मानसून सत्र में हिस्सा लेने माले के विधायक काले कपड़े में पहुंचे। वामदल के विधायक विधानसभा परिसर में पोस्टर-बैनर लेकर आए। मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान का मुद्दा लेकर वामदलों के विधायकों ने सरकार की मंशा पर सवाल उठाए। इसे अघोषित आपातकाल बताया। राजद विधायकों ने भी इसे मुद्दा बनाया और विरोध में पोस्टर वगैरह दिखाया। विधानसभा के गेट पर राजद-कांग्रेस व वामदलों के विधायकों ने प्रदर्शन किया।

**क्राइम कंट्रोल समेत कई मुद्दों पर नारेबाजी :** सदन की कार्यवाही शुरू हुई तो असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम के विधायक भी विरोध में उतरे। सदन के अंदर भी विधायकों ने प्रदेश में क्राइम कंट्रोल समेत कई मुद्दों को उठाते हुए सरकार को घेरा। वहीं स्पीकर नंदकिशोर यादव ने विरोधी दल के विधायकों से शांत रहने की अपील की।




### सदन के अंदर और बाहर नारेबाजी

स्पीकर नंदकिशोर यादव ने अपना संबोधन शुरू किया तो विपक्षी दलों के विधायकों की ओर से नारेबाजी नहीं रूकी। हो-हंगामे के बीच ही विधानसभा अध्यक्ष ने अपना संबोधन जारी रखा।

### कांग्रेस के विधायकों ने जमकर किया प्रदर्शन

भाकपा (माले) और कांग्रेस के विधायक काला कुर्ता और सफेद पायजामा पहनकर विधानसभा पहुंचे। वे हाथों में एसआईआर के खिलाफ बैनर लिए हुए थे।

विधायकों का आरोप था कि एसआईआर के जरिए दलितों और पिछड़ी जातियों के नाम मतदाता सूची से हटाए जाएंगे। एसआईआर ओर क्राइम पर विपक्ष सराकर को घरने के लिए तैयार बैठा है। कांग्रेस के नेताओं में गुंडाराज समाप्त करो, जाली जीवेश गद्दी छोड़ो, वोट की लूट बंद करो, जैसे मुद्दों पर सदन के बाहर सरकार को घेरा।

बता दें कि नीतीश सरकार चालू वित्तीय वर्ष के लिए लगभग 50 हजार करोड़ रुपये का अनुपूरक बजट पेश करेगी। इसके साथ ही राज्यपाल के जरिए स्वीकृत क्रय आदेश और विभिन्न समितियों के प्रतिवेदन सदन के पटल पर रखे जाएंगे। 22 और 23 जुलाई को राजकीय विधेयक प्रस्तुत किए जाएंगे और विभिन्न राजकीय कार्य संपादित किए जाएंगे। 24 जुलाई को अनुपूरक बजट पर चर्चा और मतदान के बाद विनियोग विधेयक प्रस्तुत किया जाएगा। अंतिम दिन 25 जुलाई को गैर-सरकारी संकल्पों पर चर्चा होगी।

### तेजस्वी बोले- हम गरीबों के साथ ऐसा भी होने देंगे

उन्होंने कहा कि हमलोगों की मांग है कि मतदाता पुनरीक्षण कार्य पर विधानसभा में एक चर्चा होनी चाहिए। लोकतंत्र का सबसे बड़ा मंदिर बिहार में विधानसभा है। ऐसे में चर्चा तो जरूरी है। लेकिन अगर लोकतंत्र को समाप्त करने का कोई प्रयास करेगा तो हम लोग चुप बैठने वाले नहीं हैं। गरीबों को वोट देने के अधिकार से वंचित किया जाए, उनका अस्तित्व न मिटाया जाए, इसके लिए हमलोग यह लड़ाई लड़ेंगे। अगर सरकार विधानसभा में चर्चा करने पर राजी नहीं होती है तो हम लोग आने वाले समय में आंदोलन करेंगे। तेजस्वी यादव ने कहा कि सभी नेताओं को हमलोगों ने चिट्ठी लिखी है। सरकार को इस गंभीर मुद्दे पर चर्चा करनी होगी।

# वैष्णो देवी मंदिर मार्ग पर भूस्खलन

## एक श्रद्धालु की मौत, नौ लोग घायल




**श्राइन बोर्ड ने बताया कि रेस्क्यू ऑपरेशन तेजी से चल रहा है**

**जम्मू-कश्मीर।** जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में माता वैष्णो देवी मंदिर के पुराने यात्रा मार्ग पर सोमवार सुबह भारी भूस्खलन हुआ, जिसमें एक श्रद्धालु की मौत हो गई और नौ अन्य घायल हो गए।

अधिकारियों ने बताया कि यह भूस्खलन त्रिकुटा पहाड़ियों पर स्थित तीर्थयात्रियों के आधार शिविर कटरा शहर में हुई भारी बारिश के कारण हुआ है। यह घटना सुबह लगभग 8.50 बजे बाणगंगा के पास गुलशन का लंगर में हुई। यह यात्रा का प्रारंभिक बिंदु है। यहां ज्यादातर टट्टू सवार पुराने मार्ग पर इकट्ठा होते हैं। अधिकारियों ने बताया कि तुरंत बचाव अभियान शुरू किया गया और चार फंसे हुए तीर्थयात्रियों को निकालकर अस्पताल पहुंचाया गया। अंतिम रिपोर्ट मिलने तक बचाव अभियान जारी था।

श्री माता वैष्णो देवी यात्रा मार्ग के बाणगंगा क्षेत्र में भूस्खलन हुआ है। श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड के अनुसार, मलबा हटाने का कार्य जारी है। यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं।

जम्मू-कश्मीर में माता वैष्णो देवी यात्रा मार्ग पर भूस्खलन हो गया, जिससे पिट्ठू पालकी काउंटर पर सात श्रद्धालु घायल हो गए। इनमें से तीन को गंभीर स्थिति में नारायणा अस्पताल भेजा गया है, जबकि बाकी को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। फिलहाल यात्रा को दोपहर 1 बजे तक के लिए रोका गया है। श्रद्धालुओं से अपील की गई है कि यात्रा की योजना बनाने से पहले मौसम और स्थिति की जानकारी जरूर लें। अभी तक किसी की मृत्यु की सूचना नहीं है।

श्राइन बोर्ड के सीईओ सचिन शर्मा ने बताया कि रेस्क्यू ऑपरेशन तेजी से चल रहा है और ट्रैक से मलबा हटाने का काम भी किया जा रहा है ताकि यात्रा जल्द से जल्द सुरक्षित रूप से बहाल हो सके। वैष्णो देवी यात्रा मार्ग पर हुए भूस्खलन को लेकर भाजपा विधायक बलदेव राज ने कहा कि यह कोई अचानक हुआ हादसा नहीं, बल्कि देश के कई हिस्सों में आई बाढ़ जैसी ही एक प्राकृतिक आपदा का हिस्सा है। उन्होंने बताया कि अगर वहां शेड न बना होता, तो हादसा और बड़ा हो सकता था।

सबसे पहले स्थानीय घोड़ा संचालकों ने राहत कार्य शुरू किया, जिसके बाद पुलिस और श्राइन बोर्ड के अधिकारी मौके पर पहुंचे। फिलहाल 1-2 श्रद्धालु गंभीर रूप से घायल हैं और श्राइन बोर्ड ने वैकल्पिक मार्ग खोलकर यात्रा को जारी रखा है। बीएमओ (ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर) रषपाल बांगोत्रा ने बताया कि अब तक किसी की मौत की सूचना नहीं है। 6 घायल श्रद्धालु उनके पास लाए गए, जिनमें से 4 को हड्डियों से जुड़ी चोटें थीं और उन्हें नारायणा अस्पताल भेजा गया है।

# अमरनाथ यात्रा : 16 दिनों में 3 लाख श्रद्धालुओं ने किए बाबा बर्फानी के दर्शन

## 3 जुलाई से शुरू हुई यात्रा 38 दिन तक चलेगी

### रविवार को 16,886 श्रद्धालु गुफा तक पहुंचे

**जम्मू-कश्मीर।** अमरनाथ यात्रा के 16वें दिन 16,886 श्रद्धालुओं ने पवित्र गुफा में हिम शिवलिंग के दर्शन किए। इन 16 दिनों 3 लाख से ज्यादा तीर्थयात्री पवित्र गुफा मंदिर में दर्शन कर चुके हैं। पवित्र अमरनाथ यात्रा 3 जुलाई को शुरू हुई थी।

जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने कहा- सालाना अमरनाथ यात्रा के लिए तीर्थयात्रियों की संख्या रविवार को तीन लाख के आंकड़े को पार कर गई। यह पवित्र यात्रा एक अत्यंत समृद्ध अनुभव है।



यात्रा के पहले दिन गुरुवार को 12,348 , शुक्रवार को 14,515, शनिवार को 21,109, रविवार को 21,512 तीर्थयात्री, सोमवार को 23,857 तीर्थयात्री दर्शन के लिए पहुंचे थे।

यात्रा पर आए श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए 581 अलग-अलग सुरक्षा कंपनियों का चाक-चौबंद बंदोबस्त किया गया है। इसमें सीआरपीएफ, बीएसएफ, एसएसबी, आईबीटीपी और सीआईएसएफ समेत सुरक्षा बलों के जवान तैनात किए गए हैं।

# हाईवे पर शिवभक्तों की लंबी कतार डाक कांवड़ियों की तेज हुई रफ्तार



**हर तरफ हर-हर महादेव, शिवमय हुई फिजा**

**मेरठ।** शिवरात्रि पास आते ही हाईवे से लेकर पूरा शहर शिवमय हो गया है। हाईवे और अन्य कांवड़ मार्गों पर डाक कांवड़ वाहनों की रफ्तार बढ़ गई है। हर ओर हर-हर महादेव की गूंज है। भोले बाबा के दीवाने थकान की परवाह किए बिना आगे बढ़ रहे हैं। शहर में कावड़ यात्रा का जोश और भक्ति चरम पर है।

बाबा औघड़नाथ मंदिर में 200 से अधिक कावड़ियों ने हाजिरी का जल चढ़ाकर भगवान शिव की पूजा की। रुड़की रोड, मोदीपुरम और दिल्ली रोड पर सैकड़ों कावड़ियों की टोलियां डेरा डाले हुए हैं। जो भोले बाबा के जयकारों और भक्ति भजनों में डूबी हैं तो शिवभक्त डीजे पर नाच गाकर मनोरंजन कर रहे हैं।

# कामयाबी: आंखें खोलेंगी दिल का राज

**नई दिल्ली।** क्या कोई ऐसा तरीका है जिससे पहले से ही ये जाना जा सके कि आपको हार्ट अटैक या स्ट्रोक तो नहीं होगा? अगर आपके मन में भी ये सवाल है तो अब इसका जवाब मिल गया है। अध्ययनकताओं ने एक ऐसे टेस्ट के बारे में बताया है जिसकी मदद से एक दशक यानी करीब 10 साल पहले ही जाना जा सकेगा कि आपको हार्ट अटैक का खतरा तो नहीं है? सबसे खास बात ये है कि इसके लिए हार्ट नहीं, आंखों की जांच की जाएगी।

एक सामान्य नेत्र परीक्षण अगले दस वर्षों में किसी व्यक्ति को दिल का दौरा या स्ट्रोक होने के जोखिम का अनुमान लगा सकता है।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद खोड़ा–मकनपुर, गाजियाबाद**

पत्रांकः 675 / न0पा0परि0खो0म0गा0 / 2025
दिनांकः 21 जुलाई, 2025

**–:: सार्वजनिक सूचना ::–**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वर्तमान में गृहकर निर्धारण हेतु स्वकर निर्धारण पद्धति प्रचलित है। भवन स्वामी अपने भूमि/भवन के आच्छादित क्षेत्रफल (कवर्ड एरिया) के आधार पर गणना करके अपने भवन (आवासीय/अनावासीय) का स्वकर प्रपत्र भरकर साक्ष्यों सहित कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। जिसके आधार पर गृहकर निर्धारण की कार्यवाही की जायेगी। जिन भवन स्वामियों द्वारा अभी तक अपना गृहकर जमा नहीं कराया गया है तथा अपने भवन के सम्बन्ध में स्वकर प्रपत्र भरकर कार्यालय में प्रस्तुत नहीं किया गया है, ऐसे समस्त भवन स्वामी/अध्यासी अपने भवन के आच्छादित क्षेत्रफल की गणना करके स्वकर प्रपत्र तीन माह की अवधि के भीतर कार्यालय में जमा करा सकते है। अन्यथा की स्थिति में नगर पालिका परिषद खोड़ा–मकनपुर द्वारा स्वयं सम्पत्ति का मूल्यांकन करके कर निर्धारण की कार्यवाही अमल में लायी जायेगी।

(अभिषेक कुमार)
अधिशासी अधिकारी

# यशोदा मेडिसिटी ने रीढ़ और दर्द प्रबंधन कैम्प आयोजित कर कई लोगों को राहत पहुंचाई

## रीढ़ और पीठ से जुड़ी बढ़ती समस्याओं के समाधान और जागरूकता बढ़ाने की दिशा में एक प्रभावी पहल

**गाज़ियाबाद, करंट क्राइम।** यशोदा मेडिसिटी, इंदिरापुरम ने एक विशेष रीढ़ और दर्द प्रबंधन शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया। इस पहल को गाज़ियाबाद और आसपास के क्षेत्रों के निवासियों से उत्साहजनक प्रतिक्रिया मिली, जो विशेष दर्द देखभाल के प्रति बढ़ती जागरूकता और जरूरत को दर्शाती है। यह शिविर डॉ. नीरज जैन, निदेशक और प्रिंसिपल कंसल्टेंट, स्पाइन एंड पेन इंस्टीट्यूट, यशोदा मेडिसिटी, और डॉ. सुनील शर्मा, वरिष्ठ दर्द विशेषज्ञ के नेतृत्व में आयोजित किया गया। इसमें पीठ दर्द, गर्दन में अकड़न, जोड़ों की समस्या और नसों से जुड़ी पुरानी तकलीफों पर केंद्रित सलाह व उपचार दिया गया। उपस्थित लोगों को निःशुल्क नैदानिक जांचों की सुविधा भी दी गई, जिनमें रक्तचाप, रक्त शर्करा और बोन मिनरल डेंसिटी टेस्ट शामिल थे।








### हमारी प्रतिबद्धता हमेशा यही रही है कि स्वास्थ्य सेवाएं सुलभ हों : डॉ. पी.एन. अरोड़ा

**करंट क्राइम।** शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया, जिनमें से कई वर्षों से दर्द झेलने के बाद विशेषज्ञ सलाह के लिए पहुंचे थे। यह पहल यशोदा मेडिसिटी के सामुदायिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के निरंतर प्रयासों के अंतर्गत थी, जो रोकथाम, समय पर पहचान और उन्नत उपचार पद्धतियों पर केंद्रित है। डॉ. पी.एन. अरोड़ा, चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर, यशोदा मेडिसिटी ने कहाः हमारी प्रतिबद्धता हमेशा यह रही है कि स्वास्थ्य सेवाएं सुलभ हों और लोगों की वास्तविक जरूरतों पर केंद्रित रहें। इस शिविर के जरिए हमारा उद्देश्य सीधे मरीजों तक पहुँचना था ताकि वे सही समय पर सही सलाह और इलाज प्राप्त कर सकें। शुरूआती जांच और समय पर इलाज जीवन की गुणवत्ता में बड़ा बदलाव ला सकता है।



### 'बिना पेनकिलर के भी दर्द से मुक्ति पाना संभव'

**करंट क्राइम।** डॉ. नीरज जैन ने कहा, कई मरीज सालों तक दर्द के साथ जीते हैं, बिना इसके कारण को पूरी तरह समझे या यह जाने बिना कि सर्जरी के बिना भी राहत मिल सकती है।अब पेनकिलर पर निर्भर रहना या चुपचाप दर्द सहना जरूरी नहीं है। बिना पेनकिलर के भी दर्द से मुक्ति पाना संभव है। इस शिविर ने हमें मरीजों से सीधे जुड़ने, उनकी चिंताओं को समझने और उन्हें सही इलाज के लिए मार्गदर्शन करने का मौका दिया। हमें जो प्रतिक्रिया मिली, उससे समुदाय में इस तरह के प्रयासों को लगातार जारी रखना बेहद आवश्यक है।

# पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वर्गीय राजपाल त्यागी के निधन पर व्यक्त किया शोक




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। पूर्व कैबिनेट मंत्री राजपाल त्यागी के निधन पर शोक व्यक्त करने वालों का तांता लगा हुआ है। सोमवार को उनके आवास पर सैकड़ो की संख्या में उनके समर्थक गणमान्य लोग और राजनीति के दिग्गज पहुंचे। सभी ने उनके निधन पर शोक व्यक्त करते हुए स्वर्गीय राजपाल त्यागी को श्रद्धांजलि अर्पित की।

# इस बार कांवड़ सेवा में दिखाई दिया नारी सशक्तिकरण का अद्भुत संगमः अजय गुप्ता





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** वैसे तो भारत नारी प्रधान देश है। अंतरिक्ष से लेकर सेना तक,शासन प्रशासन,और हर जगह भारत की बेटी पुरुष के साथ कंधे से कंधा मिलाकर अपना कर्तव्य निभाती है। इस बार कांवड़ सेवा यात्रा में नारी सशक्तिकरण का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है। ना बरसात की चिंता है,ना धूप की,श्रद्धालुओं को कोई परेशानी ना हो,प्रशासन अपना कर्तव्य बखूबी निभा रहा है। एडिशनल सीपी कल्पना सक्सेना,एसीपी श्वेता यादव,एसीपी पूनम मिश्रा,एसीपी मसूरी लिपि नगायच,एसीपी सलोनी अग्रवाल,एसीपी उपासना पांडे,लिंक रोड.र.ल़.ड प्रीति सिंह,रिपब्लिक क्रॉसिंग.र.ल़.ड प्रीति गर्ग,महिला थाना अध्यक्ष रितु त्यागी,दिन रात श्रद्धालुओं की आस्था को देखते हुए अपनी ड्यूटी बखूबी निभा रही हैं,जो तारीफ के काबिल है,और हमें गर्व है महिला सशक्तिकरण पर,जो जिम्मेदारी उन्हें गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट से मिली, उस पर दिन रात सेवा में लगी हुई है,और हम उनको सलूट करते हैं,भगवान भोलेनाथ की उन पर हमेशा कृपा बनी रहे।

# न्यूज1इंडिया ने किया शिव भक्तों के लिए भंडारे का आयोजन





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राजनीतिक रूप से जिले के सांसद अतुल गर्ग भी भंडारे में पहुंचे, उनके बाद यूपी के कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, लोनी विधायक नंद किशोर गुर्जर, महानगर अध्यक्ष मुकुल गोयल ने पहुंचकर भंडारे में अपनी भागीदारी दी। अपने हाथों से शिव भक्तों को प्रसाद वितरण किया।

न्यूज1इंडिया के सीएमडी और एडिटर अनुराग चड्ढा ने सभी का सम्मान किया और धर्म के काम में आने के लिए उनका आभार व्यक्त किया। न्यूज1इंडिया के भंडारे में, सीपी गाजियाबाद जे रविन्द्र गौड़, एडिशनल सीपी आलोक प्रियदर्शी, डीसीपी गाज़ियाबाद धवल जायसवाल। पहुंचे न्यूज1इंडिया के सीएमडी और एडिटर अनुराग चड्ढा और गाज़ियाबाद ब्यूरो चीफ यादराम भारती ने सभी का फटका पहनकर स्वागत किया। सीपी गाजियाबाद ने अनुराग चड्ढा की पहल को सराहते हुए कहा कि आप पत्रकारिता के अलावा धर्म की भी जिम्मेदारी भी निभा रहे है। एडिशनल सीपी आलोक प्रियदर्शी और डीसीपी गाज़ियाबाद ने भी बधाई दी। जिलाधिकारी दीपक मीणा भी भंडारे में पहुंचे और कावड़ियों को अपने हाथ से प्रसाद दिया। नगर आयुक्त विक्रमादित्य भी भंडारे में पहुंचे और कांवड़ियों की सेवा की संस्थान के लोगों ने दोनों अधिकारियों का स्वागत किया।

# कांवड़ियों को चिकित्सा सुविधा प्रदान कर रही स्वास्थ्य टीम



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** श्रावण मास में कांवड़ यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की सेवा और सुरक्षा के लिए शासन-प्रशासन दिन रात लगा गया है। इंदिरापुरम नहर रोड पर कांवड़ आने वाले कांवड़ियों के लिए विभिन्न स्थानों पर स्वास्थ्य शिविर लगे है। मकनपुर डिस्पेंसरी प्रभारी डॉक्टर स्मृति शर्मा ने बताया कि कांवड़ लेकर आने वाले कांवड़ियों की सेवा, चिकित्सा और सुरक्षा के लिए नहर रोड पर जगह-जगह पुलिस-प्रशासन-स्वास्थ्य विभाग ने शिविर लगाए गए। कांवड़ यात्रा में आने वाले श्रद्धालुओं को चिकित्सा संबंधी परेशानी का तत्काल निदान करने की जिम्मेदारी स्वास्थ्य विभाग को सौंपी गई है। विभिन्न मार्गों पर पुलिस शिविर के साथ-साथ स्वास्थ्य टीमों की ड्यूटी लगी है।




▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि एक बात निकल कर आई है आउट ऑफ द फ्रेम? भगवा सौलंकी का बरस रहा है पूर्वांचल की ओर वाले भवन पर प्रेम? सुना है उनकी है कुछ पूर्वांचल को लेकर चाहत? मगर इस चाहत के बीच में आ गया है कोई मजबूत वाला किरदार? कहने वाले ने कहा यूं ही नहीं हुआ है दर्द-ए-दिल वाला डिस्को? कुछ तो वजह है जो मामला किया है आर और पार?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि एक वैश्य मैम्बर के पक्ष में नहीं मजबूत पैगाम लाई है उड़ती हुई कोयल? कहने वाले ने कहा अब चाहे कितनी ही कोशिश कर लें? उपाध्यक्ष नहीं बनेंगे सभी जनप्रतिनिधियों के साथ जो सुख की फील कराते हैं रॉयल? कहने वाले ने कहा कि कोई बड़े जनप्रतिनिधि इस चेहरे से हो गये हैं बहुत ज्यादा नाराज? वो समझ रहे हैं ये मैम्बर अपना फेस परिवर्तन करते हैं बेहिसाब? इसलिए उपाध्यक्ष कोई भी बन जाये, मगर वो इनके सर पर नहीं चढ़ने देंगे ये वाला ताज?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि एक मैम्बर ने हमारी बुद्धि को एक वैश्य मैम्बर के खिलाफ जबरदस्त तरीके से बाधा था? कहराया था एहसास वैश्य नेता ने प्लॉट पर कब्जा किया हुआ है बेहिसाब? ये रोजाना भरते थे वैश्य नेता के खिलाफ आग? लेकिन जैसे ही उस वैश्य नेता में ताकत आई? शिकायत लगाने वाले मैम्बर अपनी जुबान को गये दाब? बदल लिया इन्होंने इधर से उधर अपना पाला? कहने वाले ने कहा इतनी जल्दी तो जो रंग बदलने के लिए मशहूर है वो भी रंग नहीं बदलता? इन्होंने तो रंग बदलने में मामला कर दिया झिंगा लाला?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि अगर किसी ने किया हुआ है ग्रीन बैल्ट पर कच्चा या पक्का निर्माण? तो फिर वो इस सवाल को पढ़कर हो जायें सावधान? हमने देखा दो दिन पहले मेयर सुनीता दयाल का जा रहा था हापुड़ चुंगी से राजनगर एक्सटेंशन की ओर काफिला? पूर्व मेयर के घर के सामने बनी ग्रीन बैल्ट पर कुछ दूरी पर उनकी पड़ी एक निर्माण पर नजर? मेयर ने घुमा ली अपनी मौका-ए-निर्माण पर गाड़ी? नहीं की किसी की फिक्र? ठोक दिया भवन स्वामी पर एक लाख का जुमार्ना? तुड़वा दिया पूरा निर्माण, कहा अभी तो भरवाऊंगी और भी जुमार्ना? कहने वाले ने कहा कि मैडम ने इस तरह की लिस्ट करा ली है और भी तैयार? इसलिए ग्रीन बैल्ट पर किसी भी निर्माण से परहेज करें? मामला हो जायेगा नहीं तो सारा बेकार?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि नदिया पार के एक मंडल में महानमंत्री बनने के बाद कुछ इस तरह बदलेंगे ठाकुर भैया के अंदाज? हमने तो सोचा ही नहीं था साहब? कभी होते थे इस चेहरे के पूरी शिद्दत से शुक्ला जी के साथ दीदार? मगर लग रहा है इस चेहरे ने शुक्ला एंड टीम को कर दिया है अपने सीने से बाहर? कर दिये हैं इन चेहरों के साथ खिंचवाने फोटो बंद? शायद ये अपने भगवा कमिश्नर के लिए कोई भी फाऊल करने के लिए तैयार नहीं है? नहीं पालना चाहते हैं ये कोई भी द्वंद्व?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि एक बड़े पार्क का शटर गिराने की ताकतवर लेडी कर रही हैं तैयारी? उन्होंने दिया है संदेश कि ये चेहरा किसी का भी प्रिय हो? मगर वे नहीं चलने देंगी इसकी दुकानदारी? कहने वाले ने कहा पार्क के खिलाफ ताकतवर लेडी का देखते ही बन रहा है जज्बा? जैसे वो मान रहीं हो कि इस पर कर रखा हो किसी ने कब्जा? कहने वाले ने कहा जब ट्रैक पर आयेगी ये पार्क वाली लड़ाई? तब नजारा देखने लायक होगा मेरे भाई?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि शायद मिस्टर डेढ़ा को पता ही नहीं है कि उनकी टीम के साथ ही येढ़ा बनकर खा रहे हैं पेडा? शायद इतना फ्रंट फुट पर खेलने की यही वजह है कि मिस्टर डेढ़ा ने नहीं है कि किसी को ज्यादा छेड़ा? पता चला है कि उनकी टीम के महामंत्री ने कांवड शिविर में होर्डिंग लगाया है जोरदार? मगर इस होर्डिंग के इस चेहरे ने सचिन के सिक्सर की तरह कर दिया है मिस्टर डेढ़ा का फोटो बाउंड्री से बाहर? कहने वाले ने कहा मामला हमको लग रहा है आने वाले समय में होगा दोनों ओर से आर या पार?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि नदिया पार के पूर्व सौंफ वाले कमिश्नर ने अभी से अपनी विरासत को करना शुरू कर दिया है भगवागढ़ में प्रमोट? फादर और सन के आजकल विभिन्न कार्यक्रमों में हमें दीदार हो रहे हैं रोज? हम देख रहे हैं तमाम कार्यक्रमों में वो अपने पुत्र को ले जा रहे हैं साथ? मजबूत कर रहे है वो अपने लाडले की राजनीति में बात? कहने वाले ने कहा हो सकता है वो वैसे ही वो अपने पुत्र को कार्यक्रमों में ले जाकर निभा रहे हों पिता होने का फर्ज? हम तो इस बात को इसलिए लिख रहे हैं कि पिता-पुत्र के मूवमेंट ने किया हुआ है कईयों के पेट में दर्द?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि जिस तरह से भगवा मैम्बर राजीव भैया ने खुद को किया है खुद को उपाध्यक्ष वाले सीन से बाहर? कुछ ऐसा ही मामला वैश्य मैम्बर के साथ भी हो रहा है यार? इस पूरे सीन को देख कर लग रहा है कि अगर सब कुछ ऐसे ही चला तो फिर तिकड़ी वाले त्यागी के चेहरे पर आ जायेगी बहार? खुद-ब-खुद हो रही है उनके पक्ष में परिस्थितियां तैयार? मगर हम उनको ये भी बताना चाहते हैं कि इस गेम को वो इन दो चेहरों के बैकफुट पर आने पर ज्यादा हल्के में ना लें? क्योंकि भगवा मैम्बर टॉम क्रूज कभी भी उठा सकते हैं हथियार?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि युवा मोर्चा वालों ने लगाया हुआ है मोहन नगर में कांवड वाला कैम्प? हम देख रहे हें ये कैम्प चल रहा है बहुत ही जोरदार? मगर इस कैम्प में हमने एक बात पर गाड़ी हुई है नजर? उस बात को हम रख रहे हैं बाहर? कैम्प में नहीं हो रहे हैं युवा मोर्चा के अधिकतर चेहरों के दीदार? लग रहा है ये सब चेहरे अब नहीं हैं फिर से टीम में आने को तैयार? इसलिए बना ली है इन्होंने कैम्प से दूरी? बाकी तो इस बारे में डेढ़ा भैया ही बेहतर बता सकते हैं यार?

नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।

# साक्षरता, आर्थिक विकास, और सामुदायिक कल्याण के लिए जरूरी : मास्टर जितेंद्र सेन



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** शिक्षाबिद मास्टर जितेंद्र सेन ने कहा कि साक्षरता आर्थिक विकास, व्यक्तिगत और सामुदायिक कल्याण के लिए जरूरी होती है। हमारी अर्थव्यवस्था तब बेहतर होती है जब शिक्षार्थियों के पास उच्च साक्षरता स्तर होता है। प्रभावी साक्षरता कौशल अधिक शैक्षिक और रोजगार के अवसरों के द्वार खोलते हैं ताकि लोग खुद को गरीबी और दीर्घकालिक अल्प रोजगार से बाहर निकाल सकें। जब शिक्षार्थियों का आर्थिक स्तर ऊंचा होता है तो हमारी अर्थव्यवस्था में सुधार होता है।

प्रभावी नियोजन कौशल अधिक स्टार्टअप और रोजगार के अवसरों के लिए बाजार हैं ताकि लोग गरीबी और दिवालियापन, अल्प रोजगार से खुद को बाहर निकाल सकें तकनीक की दुनिया में यह पता चलता है कि लोग बदलाव की गति के साथ समेकन बनाए रखते हैं लगातार अपने ज्ञान का विस्तार करते हैं और नए कौशल सीखते हैं।

# मोदी सरकार ने 11 सालों में किए हैं अभूतपूर्व कार्य : राजेंद्र तितोरिया



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पूर्व पार्षद राजेंद्र तितोरिया ने कहा कि मोदी सरकार ने 11 साल के कार्यकाल में देश में अभूतपूर्व कार्य किए हैं। भाजपा सरकार में स्वास्थ्य और शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया है। देश में नए आई आई टी शिक्षण संस्थान और एम्स बनाए गये हैं।

उन्होंने कहा कि इसके साथ-साथ मोदी सरकार में गरीब जनता को राशन उपलब्ध हो रहा है। युवाओं को रोजगार के अवसर मिल रहे हैं। किसानों को उनकी उपज का सही दाम मिल रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण करा कर कीर्तिमान स्थापित किया है। इसके साथ-साथ धारा 370 हटाई गई है। पहलगाम में आतंकी हमले का ऑपरेशन सिंदूर से पाकिस्तान में घुसकर बदला लिया गया है। पीएम मोदी के नेतृत्व से भारत देश की विदेश में भी अच्छी पहचान बन रही है।

# महाशिवरात्रि पर भगवान शिव को इस प्रकार करें प्रसन्न : एडवोकेट ओम दत्त कौशिक



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पूर्व राजनगर मंडल अध्यक्ष एडवोकेट कौशिक ने कहा कि महाशिवरात्रि पर भगवान शिव को कुछ विशेष रंग के वस्त्र और फूल चढ़ाकर भगवान शिव को प्रसन्न कर उनसे मनचाहा फल प्राप्त कर सकते हैं। भगवान शिव को प्रसन्न करने के लिए हरे लाल पीले गुलाबी नंगी और सफेद रंग के कपड़े पहनाएं। इसके अलावा शिवलिंग पर धतूरा बेलपत्र और सफेद फूल चढ़ाना भी फलदायक होता है। भगवान शिव को हरे रंग के कपड़े पहनना विशेष फलदाई होता है। महाशिवरात्रि पर काला रंग नहीं सीन क्योंकि यह नकारात्मक ऊर्जा को दर्शाता है। महाशिवरात्रि पर भगवान शिव को अर्पित करने के लिए फूल धतूरा भगवान शिव को अति प्रिय है। इनको चढ़ाने से शत्रुओं से मुक्ति मिलती है। शिवलिंग पर बेलपत्र चढ़ाना शुभ है। सफेद फूल भगवान शिव को पसंद है जैसे की मदार का फूल। महाशिवरात्रि पर भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा और अर्चना करें। शिवलिंग पर गंगाजल दूध दही शहद और शुद्ध जल से अभिषेक करें भगवान भोलेनाथ जरूर प्रसन्न होंगे।

## चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।